दिनांक 9 नवंबर 1998 को जब केरिपुबल की टुकड़ियां और सिविल पुलिस ने श्रीनगर शहर के एक घर में छिपे आतंकवादियों को घेर कर ललकारा तो उन्होंने बल की टुकड़ियों पर हमला कर दिया जिसमें सिविल पुलिस के एएसआई घायल हो गए। बल की टुकड़ी ने जवाबी फायरिंग की और आतंकवादियों को शांत कर दिया। इस दौरान निरीक्षक सुखदेव सिंह चीमा ने अन्य सदस्य के साथ पास के घर में एक मजबूत पोजीशन हासिल कर ली थी और आतंकवादियों पर फायर करने लगे। परंतु जल्द ही आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी के कारण उन्हें अपनी पोजीशन बदलनी पड़ी। निरीक्षक सुखदेव सिंह चीमा, उप निरीक्षक पवन कुमार सिंह और हवलदार पीतांबर दास ने साथ के घर की पहली मंजिल पर एलएमजी लगाकर दुश्मन पर गोलियों की बौछार कर दी। आतंकवादियों ने भाग निकलने का प्रयास किया परंतु उप निरीक्षक पवन कुमार सिंह ने सावधानी से फायर करते हुए एक आतंकवादी को मार गिराया जबकि निरीक्षक सुखदेव सिंह चीमा ने दूसरे आतंकवादी को उलझाए रखा। आपरेशन पूरा होने के बाद ली गई सघन तलाशी में घर के अंदर से विस्फोटकों के साथ चार मृत आतंकवादियों के शव बरामद हुए। उनके अदम्य साहस, बहादुरी और धैर्य के लिए निरीक्षक सुखदेव सिंह चीमा, उप निरीक्षक पवन कुमार सिंह और हवलदार पीतांबर दास को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।





Force No.
971620279
Name
Sub-Inspector Pawan Kumar Singh
Unit
20 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.





Force No.
710577302
Name
Head Constable Pitamber Dass
Unit
20 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.





POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



Force No.
930860238
Name
Shaheed Constable/Fitter Parminder Singh
Unit
86 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry (Posthumous).

To conduct counter-insurgency operations, 86 Bn of the CRPF was deployed in the state of Assam. On 17 June 1999, a collection party was attacked by insurgents near village Umra when they were enroute from Umrangso Company to Mailo Company. The insurgents opened heavy fire at the troops at which the troops immediately jumped out of their vehicles to take position. The driver of the vehicle was hit by militant fire and fell unconscious. Constable /Fitter Parminder Singh, who was travelling in the co-driver's seat, jumped out of the vehicle and started firing towards the militants enabling his colleagues to take proper position for a counterattack. Thereupon, he advanced towards the militants to break the ambush and was hit by bullets fired by the militants. Later on he succumbed to his injuries and attained martyrdom. For displaying conspicuous gallantry, courage, and devotion to duty, Constable /Fitter Parminder Singh was awarded the Police Medal for Gallantry (Posthumous).

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 86 बटालियन असम में प्रतिविद्रोह अभियान के लिये तैनात थी। 17 जून, 1999 को जब बटालियन की एक टुकड़ी उमरनगसो कंपनी से माइलो कंपनी के बीच रास्ते में जा रहे थे तब उन पर उमरा गांव के नजदीक उग्रवादियों ने आक्रमण किया। उग्रवादियों ने भारी फायरिंग कर दी और वान तुरंत गाड़ी से उतरे और पोजीशन लेकर वाबी फायरिंग करने लगे। गाड़ी के चालक को गोली लगने से वह अचेत हो गया। सिपाही/फिटर परमिंदर सिंह जो चालक की साथ वाली सीट पर बैठे थे, वह गाड़ी से बाहर कूदे और उग्रवादियों पर तुरंत फायरिंग करने लगे ताकि उनके साथियों को जवाबी हमले के लिए सही पोजीशन मिल जाए। उसके बाद वह अंबुश तोड़ने के लिए उग्रवादियों की ओर बढ़ने लगे परंतु उग्रवादियों द्वारा की जा रही फायरिंग में गंभीर रूप से घायल होकर वीरगति को प्राप्त हुए। इस आपरेशन में दिखायी गयी अपूर्व वीरता, अदम्य साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता के लिये शहीद सिपाही फिटर परमिंदर सिंह को मरणोपरांत वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।



POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



Force No.
850822278
Name
Lance Naik Krishan Kumar Yadav
Unit
132 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.

After a tip-off on 21 September 1998 on the presence of suspected armed persons in a Maruti car about 100 meters from their post at Lohorijan, Assam, the troops of F/132 Bn reached there and apprehended an insurgent and also recovered a pistol from him. In the meantime, a few more insurgents were seen running and getting into an autorickshaw to move towards Nagaland Gate Check Post. Lance Naik Krishan Kumar Yadav along with three others chased the militants but the militants opened fire on them and lobbed grenades resulting in injuries to Lance Naik Krishan Kumar Yadav. Undeterred by the injury, Lance Naik Krishan Kumar Yadav fired at the fleeing insurgents and killed a self-styled Sergeant of NSCN. For his gallantry, courage and grit, Lance Naik Krishan Kumar Yadav was awarded the Police Medal for Gallantry.

दिनांक 21 सितंबर 1998 को असम के लोहोरीजान में अपनी पोस्ट से 100 मीटर की दूरी पर एफ/132 बटालियन की टुकड़ी को एक मारूति कार में संदिग्ध हथियारबंद व्यक्तियों की उपस्थिति की सूचना मिलने पर बल ने वहां पहुंचकर एक विद्रोही को पकड़ लिया और उससे एक पिस्तौल बरामद किया। इस दौरान कुछ और विद्रोही भागते हुए देखे गए जो आटोरिक्शा लेकर नागालैंड चेक पोस्ट की तरफ चले गए। लांस नायक कृष्ण कुमार यादव ने तीन अन्य साथियों के साथ उनका पीछा किया परंतु विद्रोहियों ने उन पर फायरिंग कर दी और ग्रेनेड फेंके। घावों से विचलित हुए बिना लांस नायक कृष्ण कुमार यादव ने भागते उग्रवादियों पर गोली चलाकर एनएससीएन के स्वयंभू सार्जेंट को मार गिराया। उनके अदम्य साहस, बहादुरी और धैर्य के लिए लांस नायक कृष्ण कुमार यादव को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।



POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



Force No.
810716445
Name
Shaheed Head Constable
Bal Mukund Ram
Unit
2 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry
(Posthumous).



Force No.
880900613
Name
Shaheed Constable Sudama Rai
Unit
2 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry
(Posthumous).

On 2 October 1999, information was received about the presence of insurgents in Tuichakma area of Gandachara Sub-division, Dhalai District, Tripura. Accordingly, two Sections of 2 Bn CRPF were patrolling in the area around Garish Karbari polling station. On 3 October, after searching the area, they left for Gandachara in four vehicles and near village Anandopara the last vehicle was heavily fired upon by the insurgents. Head Constable Bal Mukund Ram and Constable Sudama Rai, who were in the vehicle, exhibited exemplary courage and initiative when they jumped out of the vehicle and fired effectively at the insurgents. In the firing one insurgent was killed and two others sustained injuries. But in the process they also received severe injuries and laid down their lives in the service of the nation. For displaying valour, determination, and grit, Head Constable Bal Mukund Ram and Constable Sudama Ram were awarded the Police Medal for Gallantry (Posthumous).

दिनांक 2 अक्टूबर 1999 को त्रिपुरा के धलाई जिले के गंडाचारा सब डिवीजन के तुईछाकमा क्षेत्र में उग्रवादियों की उपस्थिति की सूचना मिली। 2 बटालियन के दो सेक्शन गारिश कारबरी पोलिंग स्टेशन के पास पेट्रोलिंग कर रहे थे। 3 अक्टूबर को एरिया की तलाशी के बाद वे चार गाड़ियों में गांव आनंदपोरा से गंडाचारा के लिए जा रहे थे तभी आखिरी गाड़ी पर उग्रवादियों ने भारी फायरिंग की। गाड़ी में बैठे हवलदार बाल मुकंद राम और सिपाही सुदामा राय ने अनुकरणीय बहादुरी का प्रदर्शन करते हुए गाड़ी से उतरकर उग्रवादियों पर प्रभावी फायरिंग की। फायरिंग में एक उग्रवादी मारा गया और दो घयल हो गए परंतु इस प्रयास में दोनों कर्तव्य की बलिवेदी पर वीरगति को प्राप्त हुए। इस आपरेशन में दिखायी गयी अपूर्व वीरता, अदम्य साहस और उच्च कोटि कर्तव्यपरायणता के लिये शहीद हवलदार बाल मुकुंद राम और शहीद सिपाही सुदामा राय को मरणोपरांत वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।

On 23 March 1999, Shri S P Vaid, DIG Baramulla Range, was on his way to Baramulla from Srinagar when his convoy was attacked by militants near village Puthakah. The second vehicle in which Head Constable P S Negi and Head Constable S M Yadav were sitting suddenly found themselves in an ambush zone. They both got down from the vehicle and took positions to counterstrike. In the firing, one bullet hit Head Constable P S Negi and Head Constable S M Yadav received grenade splinter injuries. Despite bleeding profusely both moved about 150 yards and retaliated against the fire to give protective cover to the escort to move to a safer place and thwarted the attempt of the militants from snatching the arms/ammunition from the CRPF personnel. Head Constable P S Negi later succumbed to his injuries. For displaying conspicuous gallantry, courage, and bravery, Head Constable P S Negi (Posthumous) and Head Constable S M Yadav were awarded the Police Medal for Gallantry.

दिनांक 23 मार्च, 1999 को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की बारामुला रेंज के उप महानिरीक्षक श्री एस. पी. वैध तीन गाड़ियों की कानवाय में बारामुला से श्रीनगर के रास्ते पर थे और जैसे ही वे पुथाका गांव पहुंचे आतंकवादियों ने सड़क के दोनों ओर से कानवाय पर ग्रेनेड फेंके व अंधाधुंध फायरिंग कर दी। दूसरी गाड़ी में हवलदार पदम सिंह नेगी और हवलदार एस एम यादव थे, जो मारक क्षेत्र में आ गए। उन्होंने पोजीशन लेकर आतंकवादियों पर जवाबी फायरिंग की परंतु एक गोली लगने से हवलदार पी.एस.नेगी घायल हो गये और हवलदार एस एम यादव को ग्रेनेड की किरचें लगीं। भारी मात्रा में रक्तस्राव के बावजूद वे लगभग 150 गज तक बढ़े और एस्कार्ट को सुरक्षा कवर देने के लिए जवाबी फायरिंग की ताकि गाड़ी को सुरक्षित स्थान पर ले जाया जा सका और आतंकवादियों द्वारा केरिपुबल कर्मियों से हथियार/गोली बारूद छीनने का प्रयास विफल किया जा सके। गंभीर रूप से घायल होने के कारण हवलदार पदम सिंह नेगी वीरता से लड़ते हुए कर्तव्य पथ पर वीरगति को प्राप्त हुए। इस आपरेशन में दिखायी गयी अपूर्व वीरता, अदम्य साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता के लिये हवलदार पदम सिंह नेगी (मरणोपरांत) और हवलदार एस एम यादव को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।



POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



Force No.
910120185
Name
Shaheed Head Constable P.S.Negi
Unit
72 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry (Posthumous).



Force No.
680302199
Name
Head Constable S.M.Yadav
Unit
72 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.



POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



Force No.
850793644
Name
Lance Naik Shambhu Hembram
Unit
111 Bn
Decoration
BAR to Police Medal for Gallantry.

While the troops of 111 Bn CRPF and civil police were searching a house in village Gorudharia, PS Barbaruah, Assam on 6 December 1997, ULFA militants fired on the troops with automatic weapons in which a civil police personnel was martyred and several others were injured. The troops retaliated immediately and an encounter took place. During the encounter Lance Naik Shambhu Hembram saw militants trying to escape. Unflinchingly, he began chasing the militants and under grave risk to his personal safety, killed two militants. Terrified by the response of the troops, militants ceased firing and later four militants were found killed by the troops. For his conspicuous gallantry, courage, and grit, Lance Naik Shambhu Hembram was awarded the Police Medal for Gallantry.

दिनांक 6 दिसंबर 1997 को 111 बटालियन की टुकड़ी स्थानीय पुलिस के साथ गोरूधरिया गांव, पुलिस स्टेशन बरबरुआ, असम में एक घर की तलाशी ले रही थी तभी उग्रवादियों ने उन पर स्वचालित हथियारों से हमला किया जिसमें सिविल पुलिस का एक कार्मिक शहीद हो गया व दूसरा घायल हो गया। बल की टुकड़ियों ने तुरंत जवाबी कार्यवाही की और एक भीषण मुठभेड़ शुरू हो गई। इस मुठभेड़ में लांस नायक शंभू हेंब्रम ने उग्रवादियों को बचकर भागने का प्रयास करते देखा। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना उन्होंने वीरतापूर्वक उनका पीछा किया और दो उग्रवादियों को मार गिराया। बल की टुकड़ी की कार्यवाही से घबराकर उग्रवादियों ने फायरिंग बंद कर दी। बाद में तलाशी लेने पर मृत चार उग्रवादियों के शव बरामद हुए। उनके अदम्य साहस, बहादुरी और धैर्य के लिए लांस नायक शंभू हेंब्रम को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।

On 2 June 1999, after receipt of an SOS call from the state police for the protection of Bagwan Ganj PS, which had come under heavy firing by extremists, the troops of CRPF and civil police left for the spot. After covering 7 Kms when their vehicle was on the bridge it was blown up and turned turtle. The troopers in the vehicle were thrown out into the open after which the militants tried to snatch their weapons and kill them. At that juncture, though seriously injured, Constable Sriniwas Singh and Constable Ghanshyam Patel challenged the militants and opened heavy fire. These brave troopers did not lose hope and kept firing heavily till the militants were forced to flee thereby saving many lives and their arms and ammunition. For their bravery, courage, and grit, Constable Sriniwas Singh and Constable Ghanshyam Patel were awarded the Police Medal for Gallantry.

दिनांक 2 जून 1999 को बागवान गंज थाने की सुरक्षा के लिए राज्य पुलिस से मांग के विषय में फोन प्राप्त होने पर सीआरपीएफ और सुरक्षा बलों की टुकड़ियां घटनास्थल की ओर रवाना हुई और रास्ते में उन पर भारी फायरिंग की गई। 7 किमी कवर करने के बाद उनकी गाड़ी को पुल पर बम से उड़ा दिया गया। गाड़ी में बैठे जवान बाहर जा गिरे जिसमे बाद आतंकवादियों ने उनके हथियार छीनकर उन्हें मार डालने का प्रयास किया। इस स्थिति में गंभीर अवस्था में घायल होने के बावजूद सिपाही श्रीनिवास सिंह और सिपाही घनश्याम पटेल ने आतंकवादियों को चुनौती दी और भारी फायरिंग कर दी। वीर जवानों ने उम्मीद नहीं छोड़ी और तब तक आतंकवादियों पर फायरिंग करते रहे जब तक कि उन्हें भागने पर मजबूर नहीं कर दिया और बहुत सी जिंदगियां और हथियार/गोलीबारूद बचा लिया। इस आपरेशन में दिखायी गयी अपूर्व वीरता, अदम्य साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता के लिये सिपाही श्रीनिवास सिंह और सिपाही घनश्याम पटेल को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।



POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



Force No.
913255814
Name
Constable Sriniwas Singh
Unit
67 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.



Force No.
941323471
Name
Constable Ghanshyam Patel
Unit
67 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.



POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



IRLA No.
2600
Name
Shri S.P. Pokhriyal,
Second-in-Command
Unit
28 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.



Force No.
921122373
Name
Constable Deo Nath Rai
Unit
28 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.

The militants in Hyderpora, who were planning a large scale sabotage in Srinagar, opened heavy fire on being surrounded by the troops of CRPF and civil police on 19 August 1999, and also lobbed grenades in a bid to escape the cordon. The troops retaliated with heavy firing and a gun battle began. Amidst heavy and indiscriminate fire, Shri S.P. Pokhriyal, Second-in-Command and Constable Deo Nath Rai moved forward and concentrated their fire on the terrorists thereby drawing the attention of the extremists toward themselves. The terrorists intensified their assult on the duo by inflicting a bullet injury to Constable Deo Nath Rai and a splinter injury to Shri S.P. Pokhriyal, Second-in-Command. In spite of their injuries the duo kept firing and killed a militant while injuring the other who fled into an adjoining building only to be killed by a brave trooper later. For their conspicuous gallantry, courage, and valour, Shri S.P. Pokhriyal, Second-in-Command and Constable Deo Nath Rai were awarded the Police Medal for Gallantry.

दिनांक 19 अगस्त 1999 को श्रीनगर के हैदरपोरा में आतंकवादी बड़े पैमाने पर तोड़-फोड़ की योजना बना रहे थे और सीआरपीएफ और सिविल पुलिस की टुकड़ियों द्वारा घेरे जाने पर उन्होंने भारी फायरिंग शुरू कर दी। बल की टुकड़ियों ने जोरदार जवाबी हमला किया और भीषण संघर्ष शुरू हो गया। भारी और अंधाधुंध फायरिंग के बीच श्री एस.पी.पोखरियाल, द्वितीय कमान अधिकारी और सिपाही देव नाथ राय आगे बढ़े और अपनी फायरिंग आतंकवादियों पर केंद्रित कर दी और आतंकवादियों का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट कर लिया। आतंकवादियों ने दोनों पर तेज़ गोलीबारी कर हमला किया जिसमें सिपाही देव नाथ राय को गोली लगी और श्री एस.पी.पोखरियाल, द्वितीय कमान अधिकारी को किरचें लगीं। घायल होने के बावजूद दोनों ने फायरिंग करना जारी रखा और एक आतंकवादी को मार गिराया व दूसरे को घायल कर दिया जो साथ की बिल्डिंग में भागने का प्रयास कर रहा था। उसे बाद में वीर जवानों द्वारा मार गिराया गया। इस आपरेशन में दिखायी गयी अपूर्व वीरता, अदम्य साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता के लिये श्री एस.पी.पोखरियाल, द्वितीय कमान अधिकारी और सिपाही देव नाथ राय को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।

On 15 December 1999, information regarding the presence of some suspected ULFA militants hiding in a sugarcane field in village Nizopathari, PS Sadar, was received. When the troops of the CRPF along with civil police were carrying out a search operation, the militants opened heavy fire on the troops. The well-trained troops soon retaliated with heavy fire. Lance Naik A. Kana Shetty noticed a militant trying to escape and started following him. He suffered a bullet injury in the process. Inspite of the excruciating pain he kept on chasing the militant and took careful aim, and shot him dead. For his conspicuous gallantry, courage, and grit, Lance Naik A Kana Shetty was awarded the Police Medal for Gallantry.

दिनांक 15 दिसंबर 1999 को सदर थाने के गांव निजोपथारी के गन्ने के खेतों में संदिग्ध उल्फा उग्रवादियों के छिपे होने की सूचना मिलने पर जब सीआरपीएफ और सिविल पुलिस की टुकड़ियां तलाशी ले रही थी तो आतंकवादियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी। सुप्रशिक्षित बल की टुकड़ियों ने जोरदार जवाबी हमला किया। लांस नायक ए.कानाशेट्टी ने कुछ आतंवादियों को भागने का प्रयास करते देखा और उनका पीछा करना शुरू कर दिया। इस प्रयास में उन्हें गोली लगी। भयानक दर्द के बावजूद उन्होंने आतंकवादियों का पीछा करना जारी रखा और एक आतंकवादी पर सावधानीपूर्वक निशाना लगाया और उसे मार गिराया। इस आपरेशन में दिखायी गयी अपूर्व वीरता, अदम्य साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता के लिये लांस नायक ए.कानाशेट्टी को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।



POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



Force No.
850835434
Name
Lance Naik A.Kana Shetty
Unit
60 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.



POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



Force No.
920650491
Name
Constable Amoli Lal
Unit
1 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.

On 26 March 2000, ULFA militants hiding in bamboo groves opened heavy fire on a patrol of 1 Bn CRPF and civil police near village Numberpara, District Bongaigaon, Assam. The troops were very alert and retaliated with accurate fire. Soon enough the militants began to disperse. Constable Amoli Lal saw a militant who was trying to flee and started chasing him. Sensing that he was being chased, the militant fired on Constable Amoli Lal and injured him. Even though profusely bleeding Constable Amoli Lal carried on the chase and shot the militant dead after getting a suitable vantage point. For his bravery, courage, and grit, Constable Amoli Lal was awarded the Police Medal for Gallantry.

दिनांक 26 मार्च 2000 को असम के बोगाईगांव जिले के गांव नंबरपारा के नजदीक बांस के झुरमुट में छिपे उल्फा उग्रवादियों ने 1 बटा. सीआरपीएफ की पेट्रोल पर गोलीबारी की। बल की टुकड़ी सतर्क थी और उन्होंने सटीक फायरिंग कर जवाबी हमला किया। जल्द ही आतंकवादी छितरने लगे। सिपाही अमोली लाल ने आतंकवादी को देखा जो भागने का प्रयास कर रहा था और उसका पीछा करने लगे। यह भांप कर कि उसका पीछा किया जा रहा है आतंकवादी ने सिपाही अमोली लाल पर गोली चलाकर उन्हें घायल कर दिया। बड़ी मात्रा में खून बह जाने के बावजूद सिपाही अमोली लाल ने पीछा करना जारी रखा और एक सही लाभकारी जगह मिलने पर गोली चलाकर उसे मार गिराया। इस आपरेशन में दिखायी गयी अपूर्व वीरता, अदम्य साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता के लिये सिपाही अमोली लाल को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।

On 12 August 2000, Head Constable Mandeep Singh along with a section of 39 Bn CRPF and STF personnel were on a search operation at Sorena Chora village to find militants who had escaped in earlier encounters. While searching they were informed that a suspicious person had been seen in a vacant house on a hilltop. Immediately, the troops rushed toward the said house. The militant got scared of the approaching troops, ran inside a maize field and opened fire on the troops. He then threw a hand grenade at Head Constable Mandeep Singh who had a miraculous escape. The troops retaliated bravely and attacked the militant from two directions. After about 14 hours of firing, the troops advanced while exchanging fire with the militant and Head Constable Mandeep Singh threw a grenade and opened fire on the militant killing him on the spot. For his conspicuous gallantry, courage, and grit, Head Constable Mandeep Singh was awarded the Police Medal for Gallantry.

दिनांक 12 अगस्त 2000 को 39 बटालियन केरिपुबल की एक सेक्शन एसटीएफ कर्मियों के साथ गांव सोरेना छोरा में उन आतंकवादियों के लिए एक तलाशी अभियान चला रही थी जो पहले हुई मुठभेड़ में बच गए थे। जब वे तलाशी ले रहे थे तो उन्हें सूचना मिली कि कुछ अज्ञात व्यक्ति पहाड़ी पर स्थित एक खाली घर में देखे गए थे। बल की टुकड़ियां तुरंत उस घर की ओर रवाना हुई। बल की टुकड़ी को अपनी ओर बढ़ता देख आतंकवादी मक्के के खेत में घुस गए और गोलियां बरसाने लगे। आतंकवादियों ने एक ग्रेनेड फेंका जिसमें हवलदार मंदीप सिंह बाल-बाल बच गए। बल की टुकड़ी ने बहादुरी से जवाबी फायर किया और दो तरफ से आतंकवादियों पर हमला कर दिया। लगभग 14 घंटों की फायरिंग के बाद बल की टुकड़ी आगे बढ़ने में कामयाब हुई और तब हवलदार मंदीप सिंह ने आतंकवादियों पर एक ग्रेनेड फेंका और फायरिंग कर तत्काल एक आतंकवादी को मौत के घाट उतार दिया। उनके अदम्य साहस, बहादुरी और धैर्य के लिए हवलदार मंदीप सिंह को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।



POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



Force No.
830761622
Name
Head Constable Mandeep Singh
Unit
39 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.





POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



Force No.
850818843
Name
Shaheed Lance Naik Mahipal Singh
Unit
122 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry (Posthumous).

Yet another brave son of Mother India, whose courage ignited theimagination of the country, shone on the battlefield. 122 Bn of CRPF wasdeployed in Jammu and Kashmir to contain the militant activities supportedby Pakistan. On 27 September 2000, troops of 122 Bn cordoned off a suspected house at Parimpora, District Budgam, Jammu & Kashmir on information of the presence of a dreaded terrorist. As the raiding party advanced towards the house, the militants opened intense fire and lobbed grenades. On receiving fire, Lance Naik Mahipal Singh immediately retaliated but before he could move to a safer place a grenade exploded near him and he received severe injuries. Despite his injuries he continued to fire at the militants and ordered the other troops to withdraw under his covering fire. As he foiled the terrorists' plan to inflict injuries on the troops, the terrorists directed their fire towards him and lobbed grenades. Due to the grenades, the valiant man succumbed to his injuries and attained martyrdom. For displaying conspicuous gallantry, courage, and devotion to duty of the highest order, Shaheed Lance Naik Mahipal Singh was awarded the Police Medal for Gallantry (Posthumous).

भारत माता के एक और वीर सपूत ने युद्ध के मैदान में दर्शाए गए अपने साहस से देशवासियों को प्रेरित किया है। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 122 बटालियन जम्मू कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियों को रोकने के लिये तैनात थी। 27 सितंबर, 2000 को बल की एक टुकड़ी अपने इलाके में गश्त ड्यूटी पर थी, जब आतंकवादियों ने इस पर भारी फायर के साथ आक्रमण किया। लांस नायक महिपाल सिंह ने तुरंत फायर का जवाब दिया, जिससे आतंकवादी भाग खड़े हुए। मगर भागते हुए आतंकवादियों ने लांस नायक महिपाल सिंह की ओर ग्रेनेड फेंके, जिससे लांस नायक महिपाल सिंह गंभीर रूप से घायल हो कर कर्तव्य पर वीरता से लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त हुए। इस आपरेशन में दिखायी गयी अपूर्व वीरता, अदम्य साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता के लिये लांस नायक महिपाल सिंह को मरणोपरांत वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।

On 15 April 2002, the post commander of CRPF out post Seri came to know through a reliable Army source that four dreaded (HM) militants are taking shelter in a house of Shri Gulam Mustafa son of Shri Din Mohd in village Bharwa about 2 Kms away from the Outpost. On getting this information, Shri S M Khan, Asstt. Comdt. OC D/8 Bn with Inspector Jagan Singh rushed to the village along with 2 Sections. When the troops were closing into the target, militants opened indiscriminate firing, which was retaliated by the troops. On arrival of such flummoxed and precarious situation, Commanders ultimately decide to storm the hideout. Some selected persons of 4 RR, STF and 8 Bn CRPF were selected to undertake the task. Constable Bishamber Singh, being a sharp shooter was also detailed in the storming/search party. Armed with courage and conviction, he entered in the three-storied building through ground floor. Suddenly, this special storming party was fired upon heavily by the militants hiding in the upper part of the building. Constable Bishamber Singh also retaliated the fire by standing firmly on the ground. During the exchange of fire, he was hit by a bullet in the shoulder. In spite of injuries Constable Bishamber Singh exhibiting rare courage and without caring for his life, continued returning fire on militants. Unable to come down to ground floor due to resistance by storming party, militants jumped from upper part of the house directly. Since the house had caught fire after hitting by a rocket, militants tried to break the cordon in order to escape but were killed by the party. For his bravery, Constable Bishamber Singh was awarded Police Medal for Gallantry.

दिनांक 15 अप्रैल 2002 को सीआरपीएफ़ की सेरी आउट पोस्ट के पोस्ट कमांडर को सेना के विश्वस्त सूत्रों से पता चला कि हिज्बुल मुज़ाहिदीन के चार दुर्दांत आतंकवादियों ने आउटपोस्ट से 2 किलोमीटर की दूरी पर गांव भारवा के श्री गुलाम मुस्तफा पुत्र श्री दीन मोहम्मद के घर शरण ले रखी है। सूचना मिलने पर श्री एस.एम.खान, सहायक कमांडेंट, 8 बटा. और निरीक्षक जगन सिंह के साथ 2 सेक्शन लेकर गांव की ओर रवाना हुए। बल की टुकड़ियां जब लक्ष्य के नजदीक थीं तभी आतंकवादियों ने उन पर फायरिंग शुरू कर दी जिसका टुकड़ियों ने जोरदार जवाब दिया। ऐसी हैरान करने वाली और खतरनाक स्थिति को देखते हुए कमांडरों ने छिपने के ठिकाने को उड़ाने का निर्णय लिया। सिपाही बिशंबर सिंह जोकि एक पक्के निशानेबाज थे उन्हें भी तलाशी/हमलावर पार्टी में रखा गया था। साहस और दृढ़ विश्वास के साथ वह ग्राउड फ्लोर से होते हुए तिमंजिला भवन में दाखिल हुए। अचानक भवन के ऊपरी हिस्से में छिपे हुए आतंकवादियों ने इस पार्टी पर भारी फायरिंग कर दी। गोलीबारी के दौरान एक गोली सिपाही बिशंबर सिंह के कंधे में लगी परंतु उन्होंने इससे विचलित हुए बिना अनुकरणीय साहस का प्रदर्शन करते हुए आतंकवादियों पर लगातार गोलीबारी करते रहे। हमला पार्टी के प्रतिरोध के कारण ग्राउंड फ्लोर से आने में असमर्थ आतंकवादियों ने घर के ऊपरी भाग से सीधी छलांग लगा दी। चूंकि एक रॉकेट फायर होने के कारण भवन में आग लग चुकी थी, आतंकवादियों ने घेरा तोड़कर भागने का प्रयास किया परंतु सफल नहीं हो सके और जवानों ने उन्हें ढेर कर दिया। इस मुठभेड़ में प्रदर्शित अदम्य साहस, अपूर्व वीरता और दृढ़ता के लिए सिपाही बिशंबर सिंह को वीरता के लिए पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।



POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



Name
Constable Bishamber Singh
Unit
8 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.



POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



Froce No.
710050302
Name
Head Constable/ Driver Randhir Singh
Unit
23 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.

On 25 May 1998, 30 or 40 militants ambushed a convoy of vehicles belonging to 23 Bn CRPF just when the vehicles had reached Thongananganbi Bridge between Lishang and Monglenphai village, Imphal, Manipur. The driver of the bus, Head Constable / Driver Randhir singh suffered bullet injuries but inspite of the bleeding wounds he kept driving. His vehicle was again attacked by a 40 mm rocket and small firearms inflicting serious splinter injuries to him. Undeterred by the grave injuries, the brave heart drove through the ambush, even though the tyres of the bus burst due to the onslaught, and crossed the second firing site. For his conspicuous gallantry, courage, and grit,Head Constable /Driver Randhir Singh was awarded the Police Medal for Gallantry

दिनांक 25 मई 1998 को इम्फाल, मणिपुर में 30/40 आतंकवादियों ने 23 बटालियन केरिपुबल के एक काफिले पर उस समय हमला किया जब वे लिशांग और मांगलेनफाई गांवों के बीच थोंगानांगान्बी पुल पर पहुंचे थे। बस के चालक हवलदार रंधीर सिंह को गोली लगी परंतु बहुत खून बह जाने के बावजूद उन्होंने गाड़ी चलाना जारी रखा। उनकी गाड़ी पर दोबारा 40 एमएम राकेट से हमला किया गया जिसमें हवलदार रंधीर सिंह किरचें लगने से और अधिक घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद वह अंबुश में गाड़ी चलाते रहे हालांकि हमले में उनकी गाड़ी का टायर भी फट गया और वह गाड़ी को फायरिंग वाले स्थान से पार करवा लाए। उनके अदम्य साहस, बहादुरी और धैर्य के लिए हवलदार/चालक रंधीर सिंह को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।

On 23 November 1999, on receipt of input about presence of militants in Faquir Mohalla, Tral, Pulwama, Kashmir, a joint operation was launched and troops cordoned two suspected houses by 2030 hours. Thereafter Inspector Sudershan Kumar led the search. While approaching the second house, some suspicious sounds were heard from inside. Suddenly two militants jumped from the first floor of that house into the narrow passage, which divided both the houses. Inspector Sudershan Kumar challenged them to spot but the militants fired at him. Without caring for his life and in a bold and courageous move, Inspector Sudershan Kumar chased the fleeing militants and with his precise fire gunned both the militants down. Huge arms and ammunition were recovered from the slain militants. For displaying raw courage and devotion to duty of high order, Inspector Sudershan Kumar was awarded Police Medal for Gallantry.

दिनांक 23 नवबंर 1999 को कश्मीर के तराल, पुलवामा के फकीर मोहल्ला में आतंकियों की मौजूदगी का पता चलने पर एक संयुक्त ऑपरेशन चलाया गया और 2030 बजे तक 2 संदिग्ध घरों की घेराबंदी कर ली गई। तत्पश्चात् निरीक्षक सुदर्शन कुमार ने तलाशी दल का नेतृत्व किया। बल की टुकड़ी जब दूसरे घर की ओर बढ़ रही थी तो अंदर से संदेहास्पद आवाजें सुनी गईं। अचानक घर के प्रथम तल से 2 आतंकी दोनों घरों के बीच बनी एक संकरी गली में कूदे। निरीक्षक सुदर्शन कुमार ने उन्हें रूकने के लिए ललकारा, किंतु आतंकियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी। अपने प्राणों की चिंता न करते हुए निरीक्षक सुदर्शन कुमार ने गोलीबारी के बीच भागते आतंकियों का पीछा किया और अपने सटीक निशाने से दोनों आतंकियों को मार गिराया। मृतक आतंकियों से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया। उनके अदम्य साहस, निर्भीकता और दृढ-निश्चय के लिए निरीक्षक सुदर्शन कुमार को वीरता के लिए पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।



POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



Name
Inspector Sudershan Kumar
Unit
69 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.





POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



IRLA No.
4912
Name
Shri Rajeev Yadav
Assistant Commandant
Unit
128 Bn
Unit
Decoration
Police Medal for Gallantry.



Force No.
961440533
Name
Constable Marqus Masih
Unit
128 Bn
Unit
Decoration
Police Medal for Gallantry.

On 6 July 2001, a joint search operation was launched against insurgents hiding in village Bakaitary, PS Matia, District Goalpara, Assam. As the search operation was going on, insurgents hiding in a house opened fire on the search party. The location of the insurgents was identified by Shri Rajeev Yadav, Assistant Commandant, and as soon the troops fired at the insurgents. Shri Rajeev Yadav, Asst. Comdt., and Constable Marqus Masih then advanced straight into the face of the militants' fire and tactically entered the house from the rear. The move completely surprised the two insurgents who were firing with their AK rifles towards the party from the front of the house. As they came face to face with the insurgents and before the insurgents could react, the bravehearts opened fire and killed both the militants on the spot. For displaying bravery of the highest order, Shri Rajeev Yadav, Assistant Commandant, and Constable Marqus Masih were awarded the Police Medal for Gallantry.

दिनांक 6 जुलाई 2001 को असम के गोलपारा जिले के थाना मटिया के गांव बाकाइतारी में छिपे हुए उग्रवादियों के विरूद्ध एक संयुक्त आपरेशन का संचालन किया गया। जब तलाशी चल रही थी तब एक घर में छिपे उग्रवादियों ने तलाशी पार्टी पर फायरिंग कर दी। श्री राजीव यादव सहायक कमांडेंट ने उग्रवादियों के ठिकाने का पता लगाया और बल की टुकड़ी ने उग्रवादियों पर हमला कर दिया। श्री राजीव यादव, सहा.कमां. और सिपाही मारकस मसीह उग्रवादियों की गोलीबारी के बीच आगे बढ़े और सामरिक तौर पर पीछे की ओर से घर के अंदर प्रवेश किया। इस कदम से घर के सामने की ओर से बल की पार्टी पर ए.के.राइफल से फायरिंग कर रहे दोनों उग्रवादी हैरान हो गए। जब वे आमने-सामने आए तो इससे पूर्व की उग्रवादी कोई प्रतिक्रिया करते जांबाज़ों ने फायरिंग की और दोनों आतंकवादियो को वहीं ढेर कर दिया। इस आपरेशन में दिखायी गयी अपूर्व वीरता, अदम्य साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता के लिये श्री राजीव यादव, सहायक कमांडेंट और सिपाही मारकस मसीह को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।

On 29 July 1999, a convoy of 120 Bn CRPF with four Gypsies and one Truck under the command of Sub-Inspector M S Bisht moved from Silchar to Bn HQ at Uchathal. As the convoy approached Jirihat tea garden, insurgents ambushed it. The main fire was received by the 4th Gypsy and the truck following it. Sub-Inspector M S Bisht was in the truck and due to heavy fire the driver of the truck received severe injuries and he stopped the truck on the right side of the hillock. The Sub-Inspector, while leaving the truck, also received bullet injuries. Despite the bullet injuries, Sub-Inspector M S Bisht got down from the vehicle and fired at the militants till he became unconscious. Constable Prithvi Singh, who was in the last vehicle sensed the seriousness of the situation and opened fire from his weapon. When his SLR got jammed, he crawled slowly inching towards Sub-Inspector Bisht, took his AK rifle and fired from it. Due to his continuous fire the militants fled from the area. For displaying valour of the highest order, Sub-Inspector M S Bisht (Posthumous) and Constable Prithvi Singh were awarded the Police Medal for Gallantry.

दिनांक 29 जुलाई 1999 को 120 बटा. की चार जिप्सी और एक ट्रक का काफिला सब इंस्पेक्टर एम.एस.बिष्ट की कमान में सिलचर से बटा. मुख्यालय उचाथल की ओर जा रही थी। जैसे ही कॉनवाय जिनहाट चाय बागान के नजदीक पहुंची उग्रवादियों ने उस पर घात लगाकर हमला कर दिया। मुख्य रूप से फायरिंग चौथी जिप्सी और उसके पीछे ट्रक पर हो रही थी। सब इंस्पेक्टर एम.एस.बिष्ट ट्रक में थे और भारी गोलीबारी के कारण ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्होंने पहाड़ी के दायीं ओर ट्रक को रोक दिया। सब इंस्पेक्टर को ट्रक से बाहर आते समय गोली लगी इसके बावजूद उन्होंने ट्रक से उतरकर आतंकवादियों पर तब तक हमला जारी रखा जब तक स्वयं अचेत नहीं हो गए। सिपाही पृथ्वी सिंह जो अंतिम गाड़ी में थे उन्होंने मौके की नज़ाकत समझते हुए अपने हथियार से फायरिंग कर दी। जब उनकी एसएलआर में अड़चन पैदा हुई तो वह धीरे-धीरे रेंगते हुए सब-इंस्पेक्टर बिष्ट की ओर गए और उनकी ए.के. राइफल ले ली और इससे फायरिंग की। उनकी लगातार फायरिंग के कारण उग्रवादी वहां से भाग खड़े हुए। इस आपरेशन में दिखायी गयी अपूर्व वीरता, अदम्य साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता के लिये सब इंस्पेक्टर एम.एस.बिष्ट (मरणोपरांत) और सिपाही सिपाही पृथ्वी सिंह को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।



POLICE MEDAL FOR GALLANTRY

Force No.
680373195
Name
Shaheed Sub-Inspector
M S Bisht
Unit
120 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry
(Posthumous).



Force No.
913208923
Name
Constable Prithvi Singh
Unit
120 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.





POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



Name
Shri R. P. S. Rana, Commandant
Unit
39 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.

On 18 April 2001, Shri R.P.S.Rana, Comdt., along with 32 personnel of a QR Team rushed to Kouli-Khabbal under the village area of Dingamb, P.S.Rajbagh, Kathua, Jammu, and cordoned off a house on the suspicion of a terrorist there. Shri RPS Rana, Comdt., Head Constable Gajender Prasad Singh and Constable /Bugler Murari Prasad Singh along with other personnel inched closer to the suspected house, but the militants saw them and opened heavy fire on them and lobbed grenades as well. The trio immediately retaliated with heavy fire amidst the hail of bullets and killed two fleeing militants and injured one. Then Shri RPS Rana directed the troops to fire HE bombs on other fleeing militants that killed two more of them. Further, he tried to advance but was fired upon by a militant, so in a daring move he crawled to the rear side of the militant and killed him in an exchange of fire. The operation continued for a while and resulted in the killing of seven militants. For their conspicuous gallantry, courage, and grit, Shri R P S Rana, Commandant, Head Constable Gajender Prasad Singh and Constable /Bugler Murari Prasad Singh were awarded the Police Medal for Gallantry.

दिनांक 18 अप्रैल 2001 को कठुआ, जम्मू में श्री आर पी एस राणा, कमांडेंट ने 32 कार्मिकों की क्यूआर टीम के साथ राजबाग थाने के दिनगांब क्षेत्र के अंतर्गत कौली खब्बल में पहुंचकर आतंकवादी की उपस्थिति के संदेह में एक घर को घेर लिया। श्री आरपीएस राणा, कमांडेंट, हवलदार गजेंद्र प्रसाद सिंह और सिपाही/बिगुलर मुरारी प्रसाद सिंह अन्य सदस्यों के साथ जैसे ही संदिग्ध घर के नजदीक पहुंचे आतंकवादियों ने उन पर गोलियां बरसाईं और ग्रेनेड फेंके। तीनों कार्मिकों ने तुरंत जवाबी कार्यवाही की और भागते हुए दो आतंकवादियों को मार गिराया। अब श्री आरपीएस राणा ने भागते हुए आतंकवादियों पर एचई बम फायर करने का आदेश दिया जिससे और आतंकवादी मारे गए। बाद में वह आगे बढ़े तभी आतंकवादियों की ओर से उन पर गोलीबारी की गई इसलिए वह रेंगते हुए एक आतंकवादी के पीछे की ओर पहुंचे और आपसी गोलीबारी में उस आतंकवादी को मार गिराया। आपरेशन जारी रहा और परिणामस्वरूप 7 आतंकवादी मारे गए। उनके अदम्य साहस, बहादुरी और धैर्य के लिए श्री आरपीएस राणा, कमांडेंट, हवलदार गजेंद्र प्रसाद सिंह और सिपाही/बिगुलर मुरारी प्रसाद सिंह को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।





Name
Head Constable
Gajender Prasad Singh
Unit
39 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.






Name
Constable/Bugler
Murari Prasad Singh
Unit
39 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.



POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



Force No.
810712608
Name
Constable Mool Singh
Unit
112 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.

The ROP party of E/112 Bn CRPF deployed at Lamdan was moving on the road on 18 July 2000 amidst reduced visibility due to the continuous rain and fog. Suddenly, the leading section came under heavy fire by about 40 PLA militants perched on high hillocks. The troops retaliated in self defense. During the ensuing gun battle four personnel were martyred and Constable Mool Singh sustained bullet injuries. Inspite of the bullet wounds, Constable Mool Singh retaliated bravely and kept firing till he lost consciousness. The troops had repulsed the attack valiantly and turned the tables around. The Militants had no option but to run away beaten by the response of the troops. For his conspicuous gallantry, courage, and grit, Constable Mool Singh was awarded the Police Medal for Gallantry.

दिनांक 18 जुलाई 2000 को ई/112 केरिपुबल की टुकड़ी लगातार बारिश और धुंध के कारण कम रोशनी के बीच लामदान में आरओपी डयूटी पर थी। अचानक पहाड़ी की चोटी पर बैठे लगभग 40 पीएलए उग्रवादियों द्वारा अग्रिम पंक्ति पर भारी फायरिंग की गई। बल की टुकड़ी ने आत्मसुरक्षा में जवाबी फायरिंग की। इस भीषण गोलीबारी के दौरान 4 कार्मिक शहीद हो गए और सिपाही मूल सिंह गोली लगने से घायल हो गए परंतु इसके बावजूद सिपाही मूल सिंह ने वीरता से जवाबी हमला किया और तब तक फायरिंग करते रहे जब तक अचेत नहीं हो गए। बल की टुकड़ियों ने बहुत ही जांबाजी से हमले का मुंहतोड़ जवाब देते हुए पासा पलट दिया। बल की बहादुरी से पस्त होकर उग्रवादियों के पास भागने के अलावा ओर कोई रास्ता नहीं था। उनके अदम्य साहस, बहादुरी और धैर्य के लिए सिपाही मूल सिंह को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।





POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



IRLA No.
4620
Name
Shri K.S.Rana,
Assistant Commandant
Unit
6 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.

On 6 April 2001, troops of the CRPF and Army approaching a suspected hideout of militants in Zeradi-Neel-Khora-Neel, under PS Banihal, district Doda, J&K, were fired upon by militants. The troops promptly retaliated and a gun battle ensued. During the gun battle, Head Constable Hriday Ram and Constable Utpal Dev noticed two militants on the opposite side of a nallah. As Shri K S Rana, Assistant Commandant got information, he moved towards Head Constable Hriday Ram and Constable Utpal Dev, though militants were firing at him. Thereafter, Shri K.S.Rana, Head Constable Hriday Ram and Constable Utpal Dev crawled amidst heavy fire and killed two militants who were firing heavily. Two other militants tried to escape but the CRPF section chased them and killed both the militants. However, two militants entrenched in a house kept firing on the troops. To flush these militants out, the troops fired LMG, rocket, and grenade on the house due to which it caught fire. Two charred bodies were later recovered that were beyond recognition. For their conspicuous gallantry, courage, and grit, Shri K S Rana, Assistant Commandant, Head Constable Hriday Ram and Constable Utpal Dev were awarded the Police Medal for Gallantry.

दिनांक 6 अप्रैल 2001 को केरिपुबल और सेना की टुकड़ियाँ जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के थाना बनिहाल के ज़ेरादी-नील-खोरा-नील में आतंकवादियों के एक संदिग्ध ठिकाने की ओर बढ़ रही थीं तभी आतंकवादियों ने उन पर फायरिंग शुरू कर दी। बल की टुकड़ियों ने जवाबी कार्यवाही की और एक भीषण मुठभेड़ शुरू हो गई। इस गोलीबारी में श्री के.एस.राना, सहायक कमांडेंट, हवलदार हृदय राम और सिपाही उत्पल देव भारी फायरिंग के बीच रेंगकर बढ़े और दो आतंकवादियों को मार गिराया। अभी दो और आतंकवादी एक मकान में डटे हुए थे और बल की टुकड़ियों पर फायरिंग कर रहे थे। आतंकवादियों को खत्म करने के लिए बल की टुकड़ियों ने एलएमजी, रॉकेट और ग्रेनेड से घर पर फायर किया जिसके कारण मकान में आग लग गई। तलाशी लेने पर इसमें से दो जले हुए शव बरामद हुए जिनकी पहचान नहीं की जा सकी। उनके अदम्य साहस, बहादुरी और धैर्य के लिए श्री के.एस.राना, सहायक कमांडेंट, हवलदार हृदय राम और सिपाही उत्पल देव को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।





Force No.
810716089
Name
Head Constable Hriday Ram
Unit
6 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.





Force No.
981241152
Name
Constable Utpal Dev
Unit
6 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.



POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



Force No.
971440375
Name
Constable Ganesh Kumar
Unit
128 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.

Militants hiding in bamboo groves fired on the troops of D/128 Bn CRPF on 27 January 2001 who were approaching their camp location on a hilltop in the dense jungles of the Dubangal area of East Garo Hills, Meghalaya. The troops retaliated with heavy fire and pinned the militants down. Since the bamboo groves were rendering fire from the troopers ineffective, the troops began closing in towards the target. Soon enough, they spotted a militant who was trying to flee. Without losing any time Constable Ganesh Kumar chased the militant who was trying to change his magazine. Without any second thoughts, Constable Ganesh Kumar pounced on the militant and tried to overpower him. In the ensuing scuffle, the militant freed himself and tried to fire at Constable Ganesh Kumar. Showing lightening reflexes, Constable Ganesh Kumar reacted swiftly and shot the militant dead. For his bravery, courage, and grit, Constable Ganesh Kumar was awarded the Police Medal for Gallantry.

दिनांक 27 जनवरी 2001 को डी/128 बटालियन की टुकड़ियां मेघालय के ईस्ट गारो हिल्स के डुबांगल क्षेत्र के घने जंगलों में पहाड़ी की चोटी पर बने उग्रवादियों के कैंप की ओर बढ़ रही थीं जब बांसों के झुरमुट से उग्रवादियों ने उन पर हमला किया। बल की टुकड़ी ने भारी फायरिंग कर उन्हें शांत करवा दिया। चूंकि बांस के झुरमुट के कारण बल द्वारा की जा रही फायरिंग निष्प्रभावी हो रही थी इसलिए बल की टुकड़ी ने लक्ष्य की ओर बढ़ना शुरू किया। जल्द ही उन्होंने एक उग्रवादी को भागते हुए देखा। बिना समय गंवाए सिपाही गणेश कुमार ने उग्रवादी का पीछा किया जो अपनी मैगजीन बदलने की कोशिश कर रहा था। बिना एक भी क्षण सोचे सिपाही गणेश दत्त ने उग्रवादी को दबोच लिया और उस पर काबू पाने का प्रयास किया। इस गुत्थम गुत्था में उग्रवादी ने स्वयं को छुड़ लिया और सिपाही गणेश कुमार पर फायर किया। बिजली की सी तेज गति से हरकत में आते हुए सिपाही गणेश कुमार ने उग्रवादी को मार गिराया। उनके अदम्य साहस, बहादुरी और धैर्य के लिए सिपाही गणेश कुमार को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।

On 27 December 1999, two militants in the garb of civil police personnel forced their entry into the cargo complex of the SOG in Srinagar after injuring the civil police person at the gate. Militants then rushed to the main building and entered the first floor. Constable Samir Kumar Das was the sentry of A/28 Bn CRPF Kote on the first floor and he immediately retaliated against the fire which halted the advance of the militants. In the fierce gunbattle at close distance, Constable Samir Kumar Das received severe injuries and sacrificed his life. Seeing this, Constable Ashok Kumar, who was in the A Company line, immediately rushed to the place from where the lines began and taking cover of the entrance door started firing on the militants. Due to the resistance from the CRPF, the militants rushed back to the other end of the corridor. From there they fired at Constable Ashok Kumar, who was still firing at the militants but unfortunately Constable Ashok Kumar sustained a severe bullet injury and later succumbed to his injuries. Later both the militants were neutralized. For displaying conspicuous gallantry, courage, and devotion to duty of the highest order, Constable S K Das and Constable Ashok Kumar were awarded the Police Medal for Gallantry (Posthumous).

दिनांक 27 दिसंबर, 1999 को न्यू कार्गो कॉपलेक्स जिसमें केरिपुबल, एसओजी की दो कंपनियां तैनात थी व श्रीनगर के परिचालन एसपी व डीएसपी के कार्यालय थे वहां दो आतंकवादी सिविल पुलिस की वर्दी में आए। सीआरपीएफ संतरी ने उन्हें अपने हथियार जमा करवाने को कहा तो आतंकवादियों ने फायरिंग शुरू की दी और कई निहत्थे लोगों को घायल कर दिया जिसमें परिचालन डीएसपी व उनका रनर शामिल थे जो बाद में वीरगति को प्राप्त हुए। जब वे केरिपुबल के शस्त्रागार की ओर बढ़ने लगे तब सिपाही समीर कुमार दास ने बिना किसी उपलब्ध आड़ के उन पर बहादुरीपूर्वक हमला किया। आतंकवादियों की जवाबी फायरिंग में उन्हें गोली लगी और वह शहीद हो गए। इस दौरान सिपाही अशोक कुमार ने आतंकवादियों पर भारी गोलीबारी कर दी जिसके कारण उन्हें अपना रास्ता बदलने पर मजबूर होना पड़ा। उसके बाद बल की अन्य टुकड़ियां मदद के लिए आ गई और जहां आतंकवादी छिपे थे उस भवन को उड़ा दिया। इस हमले में केरिपुबल के 2 व सिविल पुलिस के 10 कार्मिक देश सेवा के अपने कर्तव्य पर वीरता से लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त हुए। इस आपरेशन में दिखायी गयी अपूर्व वीरता, अदम्य साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता के लिये सिपाही समीर कुमार दास व सिपाही अशोक कुमार को मरणोपरांत वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।



POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



Force No.
903063548
Name
Shaheed Constable S.K. Das
Unit
28 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry (Posthumous).



Force No.
913091802
Name
Shaheed Constable Ashok Kumar
Unit
28 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry (Posthumous).



POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



Force No.
921174561
Name
Constable Nirmal Prakash
Unit
136 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.

On 30 March 2002, a patrol party of 136 Bn CRPF reached Raghunath Mandir, Jammu, and was moving towards Hari Theater when they heard firing and a grenade blast. The troops rushed to Hari Theatre where some fidayeen had shot down two civilians. The fidayeens spotted the troops and opened fire on them and lobbed grenades. Constable Nirmal Prakash spotted a fidayeen amidst the crowd running all around creating chaos. At that juncture, Constable Nirmal Prakash fired two rounds in the air which isolated the fidayeen from the rest of the crowd. The troops took positions and slowly moved towards the fidayeen. Suddenly, in a rare act of bravery, Constable Nirmal Prakash threw all precaution into the air and came out in the open facing the fidayeen. Then the brave trooper took careful aim at him and fired successive shots. His shots hit the fidayeen and killed him. The second fidayeen who had earlier fired on two SSB personnel and a civil police person, resulting in their martyrdom, and also killed a civilian lady was chased and fired upon by the CRPF troops thereby compelling him to blow himself up with explosives. For his conspicuous bravery, courage, and grit, Constable Nirmal Prakash was awarded the Police Medal for Gallantry.

दिनांक 30 मार्च 2002 को 136 बटा.सीआरपीएफ की पेट्रोल पार्टी जम्मू के रघुनाथ मंदिर पहुंची और वह हरि थियेटर की ओर जा रही थी जब उन्होंने ग्रेनेड विस्फोट की आवाज़ सुनी। बल की टुकड़ी हरि थियेटर की ओर भागी जहां फिदायीनों ने दो नागरिकों को गोली मार दी थी। फिदायीनों ने बल की टुकड़ी को देख लिया और उन पर फायरिंग शुरू कर दी और ग्रेनेड बरसाए। सिपाही निर्मल प्रकाश ने भीड़भाड़ और शोरगुल में एक फिदायीन को देख लिया। ऐसे समय पर सिपाही निर्मल प्रकाश ने हवा में दो राउंड फायर किए जिससे फिदायीन भीड़ से अलग हो गया। जवानों ने पोजीशन ली और धीरे-धीरे फिदायीन की ओर बढ़ने लगे। अचानक एक असाधारण वीरतापूर्ण कार्यवाही में सिपाही निर्मल प्रकाश सभी सुरक्षा नियमों को ताक पर रखकर फिदायीनों का सामना करने के लिए बाहर आ गए। उसके बाद उन्होंने सटीक निशाना लगाकर उस फिदायीन पर लगातार गोली चलाई जिससे वह मारा गया। दूसरा फिदायीन जोकि पहले दो एसएसबी, सिविल पुलिस के एक कर्मी और एक महिला को मार चुका था उसका पीछा कर सीआरपीएफ टुकड़ी ने उसे स्वयं को विस्फोटक से उड़ा लेने के लिए मजबूर कर दिया। इस आपरेशन में दिखायी गयी अपूर्व वीरता, अदम्य साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता के लिये सिपाही निर्मल प्रकाश को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।

On 27 October 2000, suspected LeT fidayeens attacked the camp of C Coy of 50 Bn CRPF located at Surenkote. A constable on morcha No. 3 raised an alarm and fired at a militant trying to sneak into the camp but in a close quarter battle his rifle was hit by bullets rendering it non-functional. In the heavy fire from the militants this brave constable was martyred. The militant ran towards morcha No. 7 to inflict more casualties, but Constable Lakhwinder Singh who was already alert, owing to the alarm raised earlier, fired and injured him forcing the militant to beat a hasty retreat. The dead body of a militant was recovered in the subsequent search. For his conspicuous gallantry, courage, and grit, Constable Lakhwinder singh was awarded the Police Medal for Gallantry.

दिनांक 27 अक्टूबर 2000 को सूरनकोट में 50 बटालियन सीआरपीएफ की सी कंपनी के कैंप पर लश्करे तैयबा के संदिग्ध फिदायीनों ने हमला किया। मोर्चा नं 3 में एक सिपाही ने अलार्म बजाते हुए एक आतंकवादी पर फायरिंग की जो कैंप में घुसने का प्रयास कर रहा था परंतु नजदीक की लड़ाई में उसकी राइफल गोलियां लगने से नाकारा हो गई। आतंकवादियों की ओर से की गई भारी गोलीबारी में यह सिपाही शहीद हो गया। आतंकवादी और नुकसान पहुंचाने के इरादे से मोर्चा नं 7 की ओर भागे परंतु वहां पहले ही बजे अलार्म के कारण सतर्क सिपाही लखविंदर सिंह ने गोली चलाकर आतंकवादी को घायल कर दिया और पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। बाद में तलाशी के दौरान एक आतंकवादी का शव बरामद हुआ। उनके अदम्य साहस, वीरता और धैर्य के लिए सिपाही लखविंदर सिंह को वीरता के लिए पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।



POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



Force No.
911331939
Name
Constable Lakhwinder Singh
Unit
50 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.



POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



Force No.
670070831
Name
Inspector Ramvir Gupta
Unit
112 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.

On 25 January 2001, the company personnel of E/112 Bn, located at Awang Bazar, Loktak, Manipur, were playing volley ball. All of a sudden a constable came out of the store and opened fire at a guard room and on the personnel playing volleyball. Many personnel were injured in the firing. Then the disgruntled constable approached morcha No.1 to capture the loaded LMG and magazine. In an act of raw courage, Inspector Ramvir Gupta who was inside morcha No. 1 caught hold of the rifle of the disgruntled constable with one hand and his neck with the other. Thereafter, in a brief scuffle, Inspector Ramvir Gupta overpowered and disarmed the disgruntled constable thus saving many lives of fellow force personnel. For his conspicuous gallantry, courage, and grit, Inspector Ramvir Gupta was awarded the Police Medal for Gallantry.

दिनांक 25 जनवरी 2001 को मणिपुर के लोकटाक, अवांग बाजार में स्थित ई/112 बटालियन के जवान वालीबाल खेल रहे थे। अचानक एक सिपाही अपने स्टोर से बाहर आया और उसने गार्ड रूम और वालीबाल खेल रहे जवानों पर फायरिंग कर दी जिसमें कई जवान घायल हो गए। अब यह नाराज सिपाही भरी हुई एलएमजी और मैगजीन पर कब्जा करने के लिए मोर्चा नं 1 की तरफ बढ़ा। निरीक्षक रामवीर गुप्ता जोकि मोर्चा नं 1 में थे उन्होंने बहादुरी का प्रदर्शन करते हुए एक हाथ से सिपाही की राइफल पकड़ ली और दूसरे हाथ से उसकी गर्दन पकड़ी। थोड़े से संघर्ष के बाद निरीक्षक रामवीर गुप्ता ने सिपाही पर काबू पा लिया और उसका हथियार छीन लिया और कई साथियों की जान बचा ली। उनके अदम्य साहस, बहादुरी और धैर्य के लिए निरीक्षक रामवीर गुप्ता को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।

During a search operation carried out by the troops of 32 Bn CRPF on 25 February 2002, near village Udai Kobra Para, PS Jirania, West Tripura, extremists of the ATTF group hiding in the jungle, opened heavy fire on the troops. The troops befittingly retaliated against the fire. To launch a surprise attack on the extremists, Inspector Sanjay Kumar along with other troopers launched a flanked attack but the troops were soon spotted by the extremists who directed heavy fire on them and lobbed grenades in fury. Undaunted by the onslaught, Inspector Sanjay Kumar advanced amidst the rain of bullets, gained a vantage point and shot an extremist dead. Seeing the fate of the dead extremist the other extremists fled the scene. For his conspicuous gallantry, courage and grit, Inspector Sanjay Kumar was awarded the Police Medal for Gallantry.

दिनांक 25 फरवरी 2002 को 32 बटा सीआरपीएफ द्वारा पश्चिमी त्रिपुरा के थाना जिरिनिया के गांव उदय कोबरा पारा के निकट तलाशी के दौरान जंगल में छिपे एटीटीएफ गुट के उग्रवादियों ने बल की टुकड़ी पर फायरिंग कर दी। जवानों ने जोरदार जवाबी हमला किया। उग्रवादियों पर अचानक हमला करने के लिए निरीक्षक संजय कुमार ने अन्य सहयोगी के साथ दूसरी दिशा से हमला किया परंतु जल्द ही उग्रवादियों ने जवानों को देख लिया और अपनी तेज़ गोलीबारी की दिशा जवानों की तरफ कर दी और ग्रेनेड भी बरसाए। इस अचानक हुए हमले के बीच निरीक्षक संजय कुमार गोलियों की बौछार के बीच आगे बढ़े और एक लाभकारी पोजीशन लेते हुए एक उग्रवादी को मार गिराया। अपने साथी का ऐसा हश्र देखकर उग्रवादी वहां से भाग खड़े हुए। इस आपरेशन में दिखायी गयी अपूर्व वीरता, अदम्य साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता के लिये निरीक्षक संजय कुमार को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।



POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



Force No.
881550402
Name
Inspector Sanjay Kumar
Unit
32 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.



POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



IRLA No.
4912
Name
Shri Rajeev Yadav,
Assistant Commandant
Unit
128 Bn
Decoration
BAR to Police Medal for Gallantry.

When two sections of 128 Bn CRPF under the command of Shri Rajeev Yadav, Assistant Commandant, and civil police reached village Jira Tirang Nayapara PS Dudhnoi, District Goalpara, Assam, on 15 March 2001, insurgents hiding inside a house opened fire on them from two directions. The troops took position and retaliated. To attack the insurgents from the other side, Shri Rajeev Yadav, Head Constable Rewat Singh and Constable Sanjay Kumar moved ahead amidst the ongoing exchange of fire and saw two insurgents coming out of the house firing indiscriminately. Shri Rajeev Yadav reacted instantly and shot the two insurgents dead. Also, Constable Sanjay Kumar gained a better firing position and wreaked havoc on the insurgents still hiding in the house by firing from his LMG and killed three insurgents. At that moment, Head Constable Rewat Singh crawled towards the house, jumped into a room and neutralized aninsurgent who was firing random shots at the troops. For their conspicuous bravery, courage, and grit, Shri Rajeev Yadav, Assistant Commandant, Head Constable Rewat Singh and Constable Sanjay Kumar were awarded the Police Medal for Gallantry.

दिनांक 15 मार्च 2001 को 128 बटालियन केरिपुबल के श्री राजीव यादव सहायक कमांडेंट के नेतृत्व में दो सेक्शन और सिविल पुलिस असम के गोलपारा के थाना दुधनोई के गांव जीरा तिरंग नयापारा में पहुंचे जहां एक घर में छिपे उग्रवादियों ने दो दिशाओं से उन पर फायरिंग कर दी। बल की टुकड़ियों ने पोजीशन लेकर जवाबी फायरिंग की। भारी फायरिंग के बीच श्री राजीव यादव, हवलदार रेवत सिंह और सिपाही संजय कुमार दूसरी तरफ से हमला करने के लिए बढ़ रहे थे तभी उन्होंने अंधाधुंध फायरिंग करते दो आतंकवादियों को मकान से निकलते हुए देखा। श्री राजीव यादव ने तुरंत हरकत में आते हुए दोनों आतंकवादियों को गोली मार कर ढेर कर दिया। सिपाही संजय कुमार ने भी लाभकारी पोजीशन हासिल की और छिपे आतंकवादियों पर अपनी एलएमजी से फायरिंग कर तीन आतंकियों को मार गिराया और उनमें भय उत्पन्न कर दिया। इस क्षण में हवलदार रेवत सिंह घर की ओर रेंगकर पहुंचे, कमरे में कूदे और एक आतंकवादी जो कि बल की टुकड़ी पर गोलियां चला रहा था, उसे ढेर कर दिया। उनके अदम्य साहस, बहादुरी और धैर्य के लिए श्री राजीव यादव, हवलदार रेवत सिंह और सिपाही संजय कुमार को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।



Force No.
810100283
Name
Head Constable Rewat Singh
Unit
128 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.



Force No.
971190477
Name
Constable Sanjay Kumar
Unit
128 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.



POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



IRLA No.
3250
Name
Shri V. P. Singh,
Deputy Commandant
Unit
51 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.



Force No.
881120051
Name
Constable Richpal Singh
Unit
51 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.

When on 9 February 2002, the troops of 51 Bn CRPF were cordoning off a cluster of houses in village Herma, PS Bishalgarh, West Tripura, they saw a suspect who started running towards the jungle after seeing the security forces. Soon enough Shri V.P.Singh, Deputy Commandant, started chasing the extremist, but the extremist threw a grenade at him which narrowly missed him. Meanwhile Constable Richpal Singh chased and blocked the escape route of the extremist. Infuriated by the move, the extremist threw a grenade at Constable Richpal Singh and began firing on the duo. Shri V.P.Singh, Dy. Comdt., then gained a suitable vantage point and killed the extremist by firing from his AK-47 rifle. Also Shri V.P.Singh, Dy. Comdt. and Constable Richpal Singh apprehended another extremist. The slain extremist was later identified as a self-styled Major, Area Commander of the NLFT and the apprehended extremist was identified as a listed extremist of the NLFT. For their conspicuous bravery, courage, and valour, Shri V P Singh, Deputy Commandant, and Constable Richpal Singh were awarded the Police Medal for Gallantry.

दिनांक 9 फरवरी 2002 को 51 बटालियन केरिपुबल की टुकड़ी पश्चिमी त्रिपुरा जिले के थाना बिशालगढ़ के गांव हरमा में कुछ घरों का घेराव कर रही थी तभी उन्होंने सुरक्षा बलों को देखकर जंगल की तरफ भागते एक संदिग्ध को देखा। श्री वी.पी.सिंह, उप कमांडेंट ने उग्रवादी का पीछा किया परंतु उग्रवादी ने उन पर ग्रेनेड फेंका जिसमें वह बाल-बाल बचे। इस दौरान सिपाही रिछपाल सिंह ने आतंकवादी का पीछा कर उनके बचने का रास्ता रोक दिया। इससे घबराकर उग्रवादी ने सिपाही रिछपाल सिंह पर एक ग्रेनेड फेंका और दोनों पर फायरिंग शुरू कर दी। श्री वी.पी.सिंह, उप कमांडेंट ने तब एक उपयुक्त लाभकारी पोजीशन हासिल की और उग्रवादी को अपने एके-47 राइफल से मार गिराया। श्री वी.पी.सिंह, उप कमां. और सिपाही रिछपाल सिंह ने एक अन्य उग्रवादी को भी पकड़ लिया। मृतक उग्रवादी की पहचान एनएलएफटी के स्वयंभू मेजर, एरिया कमांडर के रूप में हुई और पकड़े गए उग्रवादी की पहचान एनएलएफटी के सूचीबद्ध उग्रवादी के रूप में हुई। उनके अदम्य साहस, बहादुरी और धैर्य के लिए श्री वी.पी.सिंह, उप कमांडेंट एवं सिपाही रिछपाल सिंह को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।

On 8 September 2001, while the troops of 47 & 122 Bn CRPF and other security forces were cordoning off village Ichkute, Budgam, militants opened heavy fire on them and hurled grenades. The troops immediately retaliated and pinned the militants down. Since the cordon was yet to be completed a militant tried to flee while the others gave him covering fire. The troops fired on the militant which proved ineffective due to the rugged terrain. In a show of raw courage, Sub-Inspector B.S.Negi and Constable Harishchandra Ramchandra Jadhav chased the militant, who was taking advantage of the rocky area, amidst the hail of bullets and grenade hurling and shot the militant dead. Meanwhile a second militant was also killed by the troops. For their conspicuous gallantry, courage, and grit, Sub-Inspector B S Negi and Constable Harishchandra Ramachandra Jadhav were awarded the Police Medal for Gallantry.

दिनांक 8 सितंबर 2001 को जब 47 और 122 बटालियन की टुकड़ियां अन्य सुरक्षा बलों के साथ बडगाम के इचकुटे गांव का घेराव कर रही थी तभी आतंकवादियों ने उन पर भारी फायरिंग करते हुए ग्रेनेड फेंके। बल की टुकड़ियों ने जवाबी कार्यवाही करके उनको शांत करवा दिया। चूंकि घेरा अभी पूरा करना था अतः एक आतंकवादी ने भागने का प्रयास किया जबकि दूसरे ने उसे कवर फायर दिया। बल की टुकड़ियों ने आतंकवादियों पर फायर किया जोकि उबड़-खाबड़ इलाका होने के कारण निष्प्रभावी साबित हुआ। तब बहादुरी का प्रदर्शन करते हुए उप निरीक्षक बी.एस.नेगी और सिपाही हरीशचंद्र रामचंद्र जाधव ने गोलियों की बौछार और ग्रेनेड विस्फोटों के बीच आतंकवादियों का पीछा किया और आतंकवादी को मार गिराया। इस दौरान दूसरे आतंकवादी को भी बल की टुकड़ी ने मार गिराया। उनके अदम्य साहस, बहादुरी और धैर्य के लिए उप निरीक्षक बी.एस.नेगी और सिपाही हरीशचंद्र रामचंद्र जाधव को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।



POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



Force No.
680295212
Name
Sub-Inspector B.S.Negi
Unit
122 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.



Force No.
850817757
Name
Constable Harishchandra Ramachandra Jadhav
Unit
122 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.



POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



Force No.
913080016
Name
Constable/Bugler Baldev Singh
Unit
22 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.

On 28 July 2001, Constable /Bugler Baldev Singh and other troopers were trying to pacify a disgruntled constable hailing from outside the state and who wanted to marry a local girl, in Sarthebari Police Station, Assam. Suddenly the infuriated constable removed the safety pin of a grenade and lobbed the same on the table. Ignoring the grave danger to his life and to save the lives of his fellow CRPF and Assam Police personnel, Constable/Bugler Baldev Singh picked up the grenade and tried to throw it out of the room but unfortunately the grenade exploded in his hand. As a result his hand above the right wrist was blown off and he also sustained splinter injuries in his thigh and stomach. His exemplary courage saved the life of many CRPF and civil police personnel. For his conspicuous gallantry, courage, and grit, Constable /Bugler Baldev Singh was awarded the Police Medal for Gallantry.

दिनांक 28 जुलाई 2001 को सिपाही/बिगुलर बलदेव सिंह टुकड़ी के अन्य साथियों के साथ सारथेबारी पुलिस थाने में एक नाराज सिपाही को समझाने का प्रयास कर रहे थे। अचानक उस क्रुद्ध सिपाही ने ग्रेनेड की सेफ्टी पिन निकाल कर उसे मेज पर फेंक दिया। अपनी जान की परवाह किए बिना सिपाही/बिगुलर बलदेव सिंह ने वह ग्रेनेड उठाकर उसे कमरे से बाहर फेंकने का प्रयास किया परंतु ग्रेनेड उनके हाथ में ही फट गया जिसके कारण कलाई के ऊपर से उनका हाथ उड़ गया और जांघ और पेट में किरचें लगने से वह घायल हो गए। उन्होंने अनुकरणीय उदाहरण से कई केरिपुबल और स्थानीय पुलिस कार्मिकों की जान बचा ली। उनके अदम्य साहस, बहादुरी और धैर्य के लिए सिपाही/बिगुलर बलदेव सिंह को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।

On 30 November 2000, while escorting civilians from Sounder towards Pattimahal, a CRPF party was fired upon by militants. Constable Ravinder Singh Chouhan spotted three militants firing from behind the thick vegetation across the river and fired an LMG burst at the suspected hideout. While a militant escaped, two entrenched themselves in an adjoining nallah. In a gallant act, Constable Ravinder Singh Chouhan and Lance Naik Kabuli Charan Mehri rolled down a hillock with their weapons for about 300 feet and after crawling across a small bridge closed down on militants. Constable Ravinder placed himself at one end of the nallah with an LMG while Lance Naik Kabuli Charan Mehri climbed up and blocked the other end of the nallah. On being challenged, the militants ran down towards river Chenab where Constable Ravinder Singh Chouhan was positioned who fired from his LMG, killing a militant on the spot while injuring the other. For their conspicuous gallantry, courage, and valour, Lance Naik Kabuli Charan Mehri and Constable Ravinder Singh Chouhan were awarded the Police Medal for Gallantry.

दिनांक 30 नवंबर 2000 को जब केरिपुबल की टुकड़ी सिविलियनों को एस्कार्ट करते हुए साउंडर से पट्टीमहल की तरफ जा रही थी तब उग्रवादियों ने उन पर गोलीबारी कर की। सिपाही रविंद्र सिंह चौहान ने नदी के पार घने जंगल से गोलीबारी कर रहे तीन उग्रवादियों को देखा और उनके संदिग्ध छिपने के ठिकाने पर एलएमजी से फायर किया। एक उग्रवादी भाग गया और दो ने नजदीकी नाले में पोजीशन ले ली। बहादुरी प्रदर्शित करते हुए सिपाही रविंद्र सिंह चौहान और लांस नायक काबुली चरण मेहरी अपने हथियारों सहित 300 फीट के लगभग नीचे उतरकर और फिर रेंगते हुए छोटे से पुल पर पहुंचे और उग्रवादियों के नजदीक पहुंच गए। लांस नायक काबुली चरण मेहरी ने ऊपर चढ़कर नाले के एक सिरे को बंद कर दिया। ललकारने पर उग्रवादी चेनाब नदी की तरफ भागे जहां सिपाही रविंद्र सिंह चौहान ने पोजीशन ले रखी थी। उन्होंने अपनी एलएमजी से फायरिंग कर एक उग्रवादी को वहीं ढेर कर दिया जबकि दूसरे को घायल कर दिया। उनके अदम्य साहस, बहादुरी और धैर्य के लिए सिपाही रविंद्र सिंह चौहान और लांस नायक काबुली चरण मेहरी को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।



POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



Force No.
841270054
Name
Lance Naik Kabuli Charan Mehri
Unit
41 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.



Force No.
880933798
Name
Constable Ravinder Singh Chouhan
Unit
41 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.



POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



Force No.
910950821
Name
Constable Sunil Hazara
Unit
79 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.

On 19 May 2002, at 0330 hours, a joint camp of the CRPF and Army was attacked by fidayeen militants at village Chassana under Police Station Mahore, District Udhampur (Jammu & Kashmir). The troops retaliated fiercely and the fidayeen ran out of the camp. Thereafter, at first light the troops started combing the area surrounding the camp. One fleeing militant, who had taken cover at a short distance from the camp, opened fire on the search party of 79 Bn The troops retaliated to the fire. In the meantime, Constable Sunil Hazara of 79 Bn, who was in the search party, noticed the movement of a fidayeen and in a bold display of exemplary courage and without caring for his own life, stalked up to the hiding militant and fired at close range that resulted in killing the Fidayeen on the spot. For displaying bravery of the highest order, Constable Sunil Hazara was awarded the Police Medal for Gallantry.

दिनांक 19 मई 2002 को बी/79 और आर्मी के संयुक्त कैंप जो जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के थाना माहोर के गांव चसाना में था पर फिदायीनों ने हमला किया। बल की टुकड़ी ने गोलीबारी और पैराबमों से जवाबी कार्रवाई की, जिससे फिदायीन बाहर भाग कर छिप गए। केरिपुबल की टुकड़ी ने सुबह की पहली किरण के साथ क्षेत्र की सघन तलाशी ली और जैसे ही फिदायीन ने उन्हें अपनी ओर बढ़ते देखा तो उसने बल की टुकड़ी पर फायरिंग कर दी। इस स्थिति में बल की टुकड़ी ने जवाबी हमला कर उन्हें शांत कर दिया। इस अवसर पर सिपाही सुनील हज़ारा ने सुरक्षा के सभी नियमों को ताक पर रखकर फिदायीन के पास जाकर गोलियों से बचते हुए उसे नज़दीक से गोली मार कर ढेर कर दिया। उनके अदम्य साहस, बहादुरी और धैर्य के लिए सिपाही सुनील हज़ारा को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।



POLICE MEDAL FOR GALLANTRY

IRLA No.
5012
Name
Shri R.K. Gupta
Assistant Commandant
Unit
39 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.



On 18 May 2002, the troops of D/39 Bn CRPF along with civil police were approaching Sarthal/Roulka area under PS Bani, on information that militants were present there. When they noticed some suspicious people near Gaugala, the troops challenged them on which the militants opened fire on the troops. The troops retaliated with heavy fire, but since no one was visible due to thick vegetation Shri R.K.Gupta ordered grenades to be fired while also continuing to fire heavily. In the subsequent search of the site a blood trail led the troops to a nallah. Unobtrusively, the troops crawled and spotted a militant who fired at them and Shri R.K.Gupta, Assistant Commandant, had a narrow escape. With sharp reflexes, Shri R.K.Gupta, Assistant Commandant, retaliated and shot the militant dead on the spot. For his conspicuous gallantry, courage, and valour, Shri R.K.Gupta, Assistant Commandant, was awarded the Police Medal for Gallantry.

दिनांक 18 मई 2002 को डी/39 बटालियन की टुकड़ियों के साथ स्थानीय पुलिस ने गौगाला के निकट उग्रवादियों की उपस्थिति की सूचना मिलने पर थाना बानी के अंतर्गत सारथल/राउलका क्षेत्र की ओर कूच किया। बल की टुकड़ियों ने उग्रवादियों को ललकारा जिस पर उन्होंने गोलीबारी शुरू कर दी। बल की टुकड़ियों ने जवाबी गोलीबारी की परंतु घने जंगल के कारण चूंकि कोई दिखाई नहीं दे रहा था अतः श्री आर के गुप्ता ने फायरिंग के साथ-साथ ग्रेनेड विस्फोट करने के आदेश दिए। बाद में तलाशी में वहां खून के धब्बे मिले जो नाले तक जा रहे थे। बल की टुकड़ियां आगे बढ़ रही थी तभी उन्होंने एक उग्रवादी को देखा जिसने गोली चलाई जिसमें श्री आर के गुप्ता, सहायक कमांडेंट बाल-बाल बचे। तुरंत हरकत में आते हुए श्री आर.के.गुप्ता, सहायक कमांडेंट ने जवाब में गोली चलाकर आतंकवादी को वहीं ढेर कर दिया। उनके अदम्य साहस, बहादुरी और धैर्य के लिए श्री आर.के.गुप्ता, सहायक कमांडेंट को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।



POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



IRLA No.
5069
Name
Shri P. A. Dubey,
Assistant Commandant
Unit
24 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.

On a tip-off, on 20 January 2002, the troops of 24 Bn CRPF under the command of Shri P.A.Dubey, Assistant Commandant, and civil police reached a suspicious house in Tolli, Part-II under PS Golakganj, Assam, and challenged a man whom they sighted inside the house. The man, who happened to be a militant, started firing on the troops and lobbed grenades on them. With lightning speed Constable Vinay Kumar and Constable Nisar Ahmed took aim and shot the militant down. By that time other militants began firing on the troops. After firing for about an hour the militants were killed by the troops and they began searching the house. Suddenly, out of nowhere, a fourth militant rushed out, firing with his weapon in a bid to escape. But already alert, Shri P.A.Dubey, Assistant Commandant, reacted with sharp reflexes and killed the militant in a close quarter battle. For their conspicuous gallantry, courage, and valour, Shri P A Dubey, Assistant Commandant, Constable Nisar Ahmed and Constable Vinay Kumar were awarded the Police Medal for Gallantry.

दिनांक 20 जनवरी 2002 को एक सूचना मिलने पर श्री पी.ए.दूबे, सहायक कमांडेंट के नेतृत्व में 24 बटालियन केरिपुबल की टुकड़ियां और स्थानीय पुलिस असम के थाना गोलकगंज के अंतर्गत टोली के एक संदिग्ध घर में पहुंचे और घर के अंदर दिखे एक व्यक्ति को ललकारा। वह व्यक्ति जो कि आतंकवादी था उसने बल की टुकड़ी पर फायरिंग की और ग्रेनेड फेंके। बिजली की सी गति से सिपाही विनय कुमार और सिपाही निसार अहमद ने निशाना लगाकर आतंकवादी को मार गिराया। इसी दौरान दूसरे आतंकवादी ने टुकड़ी पर गोलीबारी की। एक घंटे तक चली गोलीबारी में वह आतंकवादी टुकड़ी के हाथों मारा गया और घर की तलाशी ली जाने लगी। अचानक न जाने कहां से एक तीसरा आतंकी बचने के प्रयास में फायरिंग करते हुए बाहर की ओर भागा। परंतु पहले से सतर्क श्री पी.ए.दूबे, सहायक कमांडेंट ने फुर्ती दिखाते हुए नजदीक की लड़ाई में उस आतंकवादी को मार गिराया। उनके अदम्य साहस, बहादुरी और धैर्य के लिए श्री पी.ए.दूबे, सहायक कमांडेंट, सिपाही विनय कुमार और सिपाही निसार अहमद को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।





Force No.
903061955
Name
Constable Nisar Ahmed
Unit
24 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.





Force No.
971282514
Name
Constable Vinay Kumar
Unit
24 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.



POLICE MEDAL FOR GALLANTRY




Force No.
841190354
Name
Lance Naik Mohd. Kalamuddin
Unit
119 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.



Force No.
860340347
Name
Constable Mahesh Singh
Unit
119 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.

On 12 February 2001, while Lance Naik Mohd. Kalamuddin was on patrolling duty inside the camp, some fidayeen militants attacked B/119 Bn CRPF camp by lobbing grenades and firing rockets followed by incessant fire. Lance Naik Mohd. Kalamuddin retaliated against the attack but suffered a bullet injury in the process. He still did not lose his calm and killed a fidayeen who was trying to sneak inside the camp. Meanwhile, Constable Mahesh Singh, who was a sentry at the morcha and had received a bullet injury as well retaliated with gusto. To effectively fire on a fidayeen, he came out of his morcha with his LMG and foiled the sinister designs of a fidayeen by killing him while he was trying to force his entry into the camp. For their gallantry, courage, and grit, Lance Naik Mohd. Kalamuddin and Constable Mahesh Singh were awarded the Police Medal for Gallantry.

दिनांक 12 फरवरी 2001 को जब लांस नायक मोहम्मद कलामुद्दीन कैंप के भीतर पेट्रोलिंग ड्यूटी पर थे, फिदायीन आतंकवादियों ने बी/119 बटालियन केरिपुबल कैंप पर ग्रेनेड और राकेट से हमला किया और लगातार फायरिंग की। लांस नायक मोहम्मद कलामुद्दीन ने हमले का जवाब दिया परंतु इस दौरान वह गोली लगने से घायल हो गए। उन्होंने अपना धैर्य नहीं खोया और कैंप के अंदर घुसने का प्रयास कर रहे एक फिदायीन को मार गिराया। इस दौरान सिपाही महेश सिंह जो मोर्चे में संतरी ड्यूटी पर थे उन्हें गोली लगी परंतु उन्होंने निडरता से जवाबी फायरिंग की। वह अपनी एलएमजी के साथ मोर्चे से बाहर आए और कैंप के अंदर घुसने का प्रयास कर रहे फिदायीन के मंसूबों पर पानी फेरते हुए हमले को नाकाम कर उसे मार गिराया। उनके अदम्य साहस, बहादुरी और धैर्य के लिए लांस नायक मोहम्मद कलामुद्दीन एवं सिपाही महेश सिंह को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।





POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



IRLA No.
1836
Name
Shri M. M. Sharma,
Deputy Inspector General
Unit
Deputy Inspector General Gandhinagar
Decoration
Police Medal for Gallantry.

On 24 September 2002, after receiving information over the telephone from a civilian regarding a terrorist attack on Akshardham temple, Gandhinagar. Shri MM Sharma, Dy. Inspector General of the CRPF along with Shri Pooran Singh Addl. Dy. Inspector General, and the QRT rushed to gate No. 3 of the temple where the two terrorists were firing indiscriminately and exploding grenades. Then the duo along with Head Constable Pratap Singh and Constable Dharambir Singh jumped inside the premises and conducted a search operation of the houses where terrorists were reportedly hiding, at grave risk to their lives. Shri M.M.Sharma, DIG, and Shri Pooran Singh, ADIG, along with the QRT then entered the inner complex of the temple and evacuated injured civilians and dead bodies. Again going further, the troops evacuated 250 terror stricken people trapped inside the temple. On advancing further the troops found 50-60 people huddled and terrified on the ground and evacuated them to safety. While the search was being conducted, fire was exchanged between the troops and terrorists. To control the roof top of the main temple building, which was the highest dominating point, at grave risk to their lives amidst flying bullets, Shri MM Sharma, DIGP, and Shri Pooran Singh, ADIGP, climbed up a 40 feet open ladder and reached at the top of the building thus restricting the movements of the terrorists by firing from this vantage point. The terrorists were then killed by the NSG. The CRPF remained engaged in the operation for 14 hours continuously and persistently. For their conspicuous gallantry, courage, and grit, Shri M M Sharma, Dy. Inspector General of Police, Shri Pooran Singh, Addl. Dy. Inspector General of Police, Head Constable Pratap Singh and Constable Dharambir Singh were awarded the Police Medal for Gallantry.

एक सिविलयन से टेलीफोन पर गांधीनगर के अक्षरधाम मंदिर पर आतंकी हमले की सूचना मिलने पर श्री एम एम शर्मा, उपमहानिरीक्षक, केरिपुबल श्री पूरन सिंह अपर पुलिस उपमहानिरीक्षक और क्यूआरटी के साथ मंदिर के गेट नंबर 3 की ओर भागे और भवन के निर्मित ढांचे को घेर लिया जहां आतंकवादियों ने मोर्चाबंदी कर रखी थी। अब दोनों ने जान के जोखिम के बावजूद हवलदार प्रताप सिंह और सिपाही धर्मबीर सिंह के साथ घर की तलाशी ली। श्री एमएम शर्मा, उपमहानिरीक्षक, श्री पूरन सिंह अपर पुलिस उपमहानिरीक्षक और क्यूआरटी के साथ मंदिर के आंतरिक भाग में प्रवेश कर गए और वहां से घायलों और शवों को बाहर निकाला। और आगे जाने पर मंदिर के अंदर फंसे 250 के लगभग आतंकित लोगों को निकाला। आगे बढ़ने पर बल की टुकड़ियों को 50-60 और डरे सहमे लोग मिले जिन्हें सुरक्षित बाहर निकाला गया। जबकि तलाशी अभियान चल रहा था तब बल की टुकड़ियों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी हुई। श्री एमएम शर्मा और श्री पूरन सिंह अपर पुलिस उपमहानिरीक्षक एक सीढ़ी की मदद से मंदिर के मुख्य भवन की छत पर चढ़ गए और आतंकवादियों के संचलन को प्रतिबंधित कर दिया। उसके बाद एनएसजी द्वारा आतंकवादी मार गिराए गए। केरिपुबल की टुकड़ी लगातार बिना थके 14 घंटे तक आपरेशन में व्यस्त रही। उनके अदम्य साहस, बहादुरी और धैर्य के लिए श्री एम एम शर्मा, उपमहानिरीक्षक, श्री पूरन सिंह अपर पुलिस उपमहानिरीक्षक, हवलदार प्रताप सिंह और सिपाही धर्मबीर सिंह को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।





IRLA No.
614 4
Name
Shri Pooran Singh, Addl. Deputy Inspector General of Police
Unit
GC Gandhinagar
Decoration
Police Medal for Gallantry.





Force No.
910780347
Name
Constable Dharambir Singh
Unit
GC Gandhinagar
Decoration
Police Medal for Gallantry.





Force No.
830732248
Name
Head Constable Pratap Singh
Unit
GC Gandhinagar
Decoration
Police Medal for Gallantry.





POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



Force No.
951261691
Name
Constable D. Mallick
Unit
66 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.

The troops of 66 Bn travelled 22 Kms on foot in hilly terrain and cordoned off village Tuichand Para, District Dhalai, Tripura, on a tip-off about possible extremists hiding there on 15 June 2003. On noticing the troops, a young man and a young girl rushed inside a house. At the same time the troops saw an armed person and became more alert. Suddenly seven or eight extremists opened heavy and indiscriminate fire on the troops from different directions to which the troops retaliated befittingly. At that juncture, Constable D.Mallick spotted an extremist aiming at the troops. In spite of the heavy exchange of fire he aimed at the extremist and injured him with his accurate fire. The firing continued for about 90 minutes after which the extremists realized that they had lost the battle and fled the scene. The dead body of the slain extremist and an apprehended female extremist were handed over to police after the encounter got over. For his bravery, courage, and grit, Constable D.Mallick was awarded the Police Medal for Gallantry.

दिनांक 15 जून 2003 को 66 बटालियन केरिपुबल की टुकड़ियों ने 22 किलोमीटर पहाड़ी रास्तों को पैदल पार कर त्रिपुरा के धलाई जिले के तुईचंद गांव में उग्रवादियों की संभावित उपस्थिति की सूचना पर घेर लिया था। बल की टुकड़ी को देखकर एक युवक और एक युवती घर के अंदर की ओर भागे। उसी समय बल की टुकड़ी ने एक सशस्त्र व्यक्ति को देखा और अधिक सतर्क हो गए। अचानक 7-8 उग्रवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। इसी समय सिपाही डी.मल्लिक ने जवानों पर निशाना लगाते हुए एक उग्रवादी को देखा। भारी गोलीबारी के बावजूद उन्होंने उग्रवादी पर निशाना लगाया और सटीक निशाने से उसे मार गिराया। 90 मिनट तक फायरिंग जारी रही जिसके बाद उग्रवादियों को महसूस हुआ कि वे हार रहे हैं और वे भाग खड़े हुए। उनके अदम्य साहस, बहादुरी और धैर्य के लिए सिपाही डी.मल्लिक को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।





POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



Force No.
900640036
Name
Shaheed Constable/Bugler Ramesh Kumar
Unit
45 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.

On 8 October 2002, the troops of 45 Bn were deployed at a polling booth in Town Hall, PS Doda, District Doda. To secure the polling booth, Constable /Bugler Ramesh Kumar, Constable /Bugler D G Ade and Constable D S Indurkar were assigned the duties to check/frisk civilians. Around 0715 hours, two militants in police uniforms tried to enter the polling station. Constable /Bugler Ramesh Kumar and Constable /Bugler D G Ade asked them to prove their identities. On that, the militants threw a grenade and started firing. The above three constables at the gate retaliated immediately and killed one fidayeen while the second managed to flee after sustaining an injury. All three constables sustained injuries in the close encounter and later Constable /Bugler Ramesh Kumar and Constable /Bugler D G Ade sacrificed their live for the nation. For displaying conspicuous bravery, courage, and devotion to duty, Constable /Bugler Ramesh Kumar (Posthumous), Constable /Bugler D G Ade (Posthumous) and Constable D S Indurkar were awarded the Police Medal for Gallantry.

दिनांक 8 अक्तूबर, 2002 को 45 बटालियन की एक टुकड़ी डोडा जिले के डोडा थाना क्षेत्र के टाउन हाल में चुनाव बूथ ड्यूटी के लिये तैनात थी। पोलिंग बूथ की सुरक्षा के लिए सिपाही/बिगुलर रमेश कुमार, सिपाही/बिगुलर डी.जी.अड़े और सिपाही डी.एस.इंदुरकर को नागरिकों की जांच/तलाशी लेने का जिम्मा सौंपा गया। 0715 के लगभग दो आतंकवादी पुलिस की वर्दी में पोलिंग स्टेशन में घुसने का प्रयास कर रहे थे तो सिपाही/बिगुलर रमेश कुमार, सिपाही/बिगुलर डी.जी.अड़े ने उन्हें अपनी पहचान साबित करने को कहा। इस पर उन्होंने ग्रेनेड फेंका और फायरिंग शुरू कर दी। गेट पर तैनात तीनों सिपाहियों ने आतंकवादियों की फायरिंग का जवाब दिया और एक फिदायीन को मार गिराया जबकि दूसरा घायल होकर भागने में सफल रहा। तीनों जवानों को नजदीक के संघर्ष में गोली लगी और वे गंभीर रूप से घायल हो गए और बाद में सिपाही/बिगुलर रमेश कुमार, सिपाही/बिगुलर डी.जी.अड़े देश सेवा के पुनीत कर्तव्य पर वीरता से लड़ते हुए शहादत को प्राप्त हुए। बहादुरी, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता के लिए शहीद सिपाही/बिगुलर रमेश कुमार, सिपाही/बिगुलर डी.जी.अड़े को मरणोपरांत और सिपाही डी.एस.इंदुरकर को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।





Force No.
971272429
Name
Shaheed Constable/Bugler D.G.Ade
Unit
45 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.





Force No.
981272306
Name
Constable D. S. Indurkar
Unit
45 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.



POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



Force No.
015213414
Name
Shaheed Recruit Nitin Sureshrao Puttewar
Unit
GC New Delhi
Decoration
Police Medal for Gallantry (Posthumous).

On 18 October 2001, Recruit Nitin Sureshrao Puttewar was on sentry duty alongwith two other recruits near Barrack No. 2 located near the Boundary wall of Group Centre Jharodakalan, New Delhi. At around 2300 hours, an assailant sneaked into the campus by scaling a boundary wall and was challenged by Recruit Nitin Sureshrao Puttewar. The assailant immediately opened fire and injured him. On hearing the sound of fire, the camp was alerted. As the troops reached at the spot, the assailant fired at the troops and fled after scaling the perimeter wall under the cover of darkness. Recruit Nitin Suresh Rao later succumbed to his injuries but by exhibiting tremendous courage and exceptional presence of mind he succeeded in alerting the camp in time and thereby avoided more casualties. For displaying bravery and courage of the highest order, Recruit Nitin Sureshrao Puttewar was awarded the Police Medal for Gallantry (Posthumous).

दिनांक 18 अक्तूबर, 2001 को रिक्रूट सिपाही नितीन पुत्तेवार ग्रुप केन्द्र झड़ौदा कलां, नई दिल्ली के बैरक नं. 2 जो कैंप के दीवार के साथ थी पर संतरी ड्यूटी पर तैनात था। चूंकि वह अभी रिक्रूट थे इसलिए ड्यूटी के दौरान उन्हें हथियार नहीं दिया गया था। रात को उसने एक व्यक्ति को दीवार फांद कर कैंप में घुसते हुए देखा और उसे ललकारते हुए रूकने को कहा। रूकने की बजाय आतंकवादी ने सिपाही रिक्रूट नितीन पुत्तेवार पर तीन गोलियां दागीं और उन्हें गंभीर रूप घायल कर दिया। गोलियों की आवाज सुन पूरा कैंप सतर्क होकर स्टेंड टू हो गया। जब अन्य टुकड़ियाँ वहाँ पहुँची तो आतंकवादी दुबारा फायर कर कैंप की दीवार फांदकर फरार हो गया। आतंकवादी द्वारा एक घातक और सुनियोजित हमले को विफल कर दिया गया और कैंप के अन्दर रह रहे सैंकड़ो परिवारों को नुकसान से बचा लिया गया। मगर अपने गंभीर घावों के कारण यह वीर वीरगति को प्राप्त हुए। रिक्रूट सिपाही नितीन पुत्तेवार को उसकी बहादुरी, हिम्मत और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता के लिये मरणोपरांत वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।



POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



IRLA No.
5278
Name
Shri Vikas Choudhary,
Assistant Commandant
Unit
85 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.

On 14 May 2003, CRPF troops of A/85 Bn led by Shri Vikas Chaudhary, Assistant Commandant cordoned off a house at village Machurai Para (Jeolcherra) under PS Ambassa, Tripura on a tip-off. At first light, Shri Vikas Choudhary, Assistant Commandant, Constable Satish Kumar, Constable Bashir Ahmed, Constable Mohd. Shafi Tantary and Constable P.Rajendra Kumar unobtrusively entered the suspected house. Finding nothing unusual the troops were returning when Shri Vikas Choudhary heard the sound of a running fan. He followed the source of the sound which revealed an opening between the false ceiling and a bamboo mat. Two young men and two ladies sleeping there were caught unaware and tried to reach for their weapons on waking up but Shri Vikas Choudhary, Asst. Comdt. pounced on one of them and hit him with the butt of his rifle before he could lift his carbine. Meanwhile, Constable Bashir Ahmed and Constable P.Rajendra Kumar disarmed another extremist trying to load magazines into his AK-56. Eight other male members of the house were also apprehended and along with two extremists were handed over to the civil police. For their conspicuous gallantry, courage, and grit, five personnel were awarded the Police Medal for Gallantry.

एक सूचना के आधार पर श्री विकास चौधरी, सहायक कमांडेंट के नेतृत्व में 14 मई 2003 को ए/85 बटालियन की एक टुकड़ी ने अंबासा थाना के गांव मछुराई पारा (जियोलछेरा) में एक घर की घेराबंदी की। सूर्य की पहली किरण के साथ श्री विकास चौधरी, सिपाही सतीश कुमार, सिपाही बशीर अहमद, सिपाही मोहम्मद शफी तंतारी और सिपाही पी.राजेंद्र कुमार संदिग्ध घर में जबरन घुसे। कुछ भी असामान्य न पाकर टुकड़ी वापिस लौट ही रही थी कि श्री विकास चौधरी ने चलते पंखे की आवाज़ सुनी। उन्होंने जाकर देखा तो पाया कि घर की कृत्रिम छत और बांस के छज्जे के बीच जगह बनी थी जिसमें दो युवक और एक युवती सो रहे थे और जगाए जाने पर उन्होंने अपने हथियार तक पहुंचने का प्रयास किया परंतु श्री विकास चौधरी, सहायक कमांडेंट ने उनमें से एक पर छलांग लगाई और इससे पहले कि वह अपनी कार्बाइन तक पहुंच पाता उन्होंने अपनी राइफल की बट मारकर उसे घायल कर दिया। इस दौरान सिपाही बशीर अहमद और पी.राजेंद्र कुमार ने दूसरे आतंकवादी का हथियार भी छीन लिया जो अपनी एके – 56 की मैगजीन भरने का प्रयास कर रहा था। घर से 2 आतंकवादियों सहित 8 अन्य पुरूष सदस्य पकड़े गए जिन्हें पुलिस के हवाले कर दिया गया। उनके अदम्य साहस, बहादुरी और धैर्य के लिए पांचों जांबाजों को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।





Force No.
970850045
Name
Constable Satish Kumar
Unit
85 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.





Force No.
973362728
Name
Constable Mohd. Shafi Tantary
Unit
85 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.





Force No.
973363039
Name
Constable Bashir Ahmed
Unit
85 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.





Force No.
880850189
Name
Constable P. Rajendra Kumar
Unit
85 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.





POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



Force No.
901000735
Name
Shaheed Constable Jagtar Singh
Unit
16 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry (Posthumous).

On 4 March 2004, troops of 16 Bn launched an operation against ULFA insurgents at village Dahalapara, PS Sorbhog, District Bongaigaon, Assam. As the troops cordoned off the house, the insurgents opened heavy fire on the troops and also lobbed a Chinese grenade. The troops retaliated to the fire sternly. The encounter continued for four to five minutes and when there was no fire from inside the house, Constable Jagtar Singh along with state police personnel, putting their lives at great risk, entered the house and caught hold of one ULFA insurgent. The insurgent made an efforts to extricate himself from their grip and in the process succeeded in lobbing a grenade. In the explosion the insurgent, Constable Jagtar Singh and a state police person lost their lives. For displaying conspicuous gallantry, valour, and devotion to duty, Constable Jagtar Singh was awarded the Police Medal for Gallantry (Posthumous).

दिनांक 4 मार्च, 2004 को 16 बटालियन की एक टुकड़ी ने असम के बोगाईगांव जिले के सोरभोग थाना क्षेत्र के गांव दाहलापारा में उल्फा उग्रवादियों के विरूद्ध एक आपरेशन का संचालन किया। जैसे ही बल की टुकड़ी ने घर का घेराव किया उग्रवादियों ने भारी फायरिंग कर दी और चाईनीज़ ग्रेनेड दागे। बल की टुकड़ियों ने जोरदार जवाबी गोलीबारी की। आपरेशन चार से पांच मिनट तक चला और जब घर के अंदर से कोई फायर नहीं आ रहा था तब सिपाही जगतार सिंह सिविल पुलिसकर्मियों के साथ अपनी जान को खतरे में डालकर घर के अंदर घुसे और एक उल्फा उग्रवादी को पकड़ लिया। उग्रवादी ने अपने को उनकी पकड़ से छुड़वाने का भरकस प्रयास किया और इस प्रयास में वह ग्रेनेड फेंकने में सफल हो गया। उग्रवादी द्वारा किए गए इस विस्फोट में सिपाही जगतार सिंह और एक सिविल पुलिसकर्मी वीरगति को प्राप्त हुए। इस आपरेशन में दिखायी गयी अपूर्व वीरता, अदम्य साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता के लिये सिपाही जगतार सिंह को मरणोपरांत वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।

One company of 125 Bn CRPF (C/125) was deployed at District Jail Jammu to provide the jail with security. On 3 March 2004, when some prisoners were boarding a vehicle to be taken to High Court, a fidayeen militant, suddenly got down from a civil vehicle in front of the main entrance of the jail and started indiscriminate fire at the police, which caused the death of seven persons and injury to five. Subsequently, panic gripped the area. Constable T.Ramesh Bhai was on duty as sentry at morcha No. 1 at the main entrance of the jail, on seeing what was happening he immediately opened fire, aware that the militant was extremely dangerous. Without caring for his life, he kept firing towards the militant. Due to the swift and brave action by Constable T.Ramesh Bhai, the militant was incapacitated and thereby he could not fire further and immediately died in front of the main entrance of the Jail. Four police personnel, two prisoners, and one civilian lost their lives due to the indiscriminate fire by the militant. The casualties could have been much higher, had Constable T.Ramesh Bhai not reacted promptly and bravely. In this encounter, Constable T. Ramesh Bhai displayed conspicuous gallantry, courage, and devotion to duty of a high order for which he was decorated with the Police Medal for Gallantry.

125 बटालियन की एक कंपनी जम्मू जेल में सुरक्षा डयूटी के लिए तैनात थी। 3 मार्च 2004 को जब कैदी एक गाड़ी में बैठकर हाई कोर्ट के लिए रवाना हुए अचानक जेल के मुख्य प्रवेश द्वार के सामने एक सिविल गाड़ी से एक फिदायीन आतंकवादी ने उतर कर पुलिस कर्मियों पर ताबड़तोड़ गोलियां चलानी शुरू कर दी जिसमें सात लोग मारे गए और पांच घायल हो गए और इलाके में दहश्त फैल गई। सिपाही टी.रमेश भाई जो मुख्य द्वार पर संतरी डयूटी कर रहे थे उन्होंने खतरा भांपते हुए आतंकवादी पर गोलियां बरसाईं। उनकी इस त्वरित कार्रवाई से आतंकवादी न केवल बेबस हो गया और फायर नहीं कर सका बल्कि उसने वहीं दम तोड़ दिया। आतंकवादी द्वारा की गई फायरिंग के परिणामस्वरूप चार पुलिसकर्मी, दो कैदी और एक सिविलियन की मौत हो गई। उनकी असाधारण वीरता, अदम्य साहस और दृढ़ निश्चय के लिए सिपाही टी.रमेश भाई को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।



POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



Force No.
881290241
Name
Constable T. Ramesh Bhai
Unit
125 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.





POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



Force No.
800010139
Name
Head Constable Shish Ram
Unit
80 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.



Force No.
913225853
Name
Constable Sandeep Yadav
Unit
80 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.

The troops of C/80 Bn CRPF and civil police were conducting a joint operation on 29 November 2001 in village Supauli under PS Masaurhi, district Patna, Bihar to nab PWG militants reported to be hiding there. As the party entered the village, extremists clad in police uniforms came running towards Section 1 of the CRPF Platoon commanded by Head Constable Shish Ram, who challenged the extremists to surrender. Paying no heed to the challenge, the extremists opened fire on the troops. Head Constable Shish Ram, inspite of the onslaught, retaliated with heavy fire and motivated his men to fight back and fire heavily. Constable Sandeep Yadav fired from his LMG and killed the commander of the extremist group. A bullet fired by an extremist hit his shoulder badge but undaunted he intensified his firing and killed another extremist. For their conspicuous bravery, courage, and grit, Head Constable Shish Ram and Constable Sandeep Yadav were awarded the Police Medal for Gallantry.

दिनांक 29 नवंबर 2001 को सी/80 बटालियन केरिपुबल और सिविल पुलिस की टुकड़ियों ने पीडब्लयूजी उग्रवादियों को पकड़ने के लिए पटना के थाना मसौढ़ी के गांव सुपौली में एक संयुक्त अभियान का संचलन किया। जैसे ही टुकड़ियों ने गांव में प्रवेश किया उग्रवादी पुलिस की वर्दी में दौड़ते हुए केरिपुबल की सेक्शन संख्या 1 की ओर आए जिसकी कमान हवलदार शीशराम के हाथ में थी और जिन्होंने उग्रवादियों को आत्मसमर्पण करने की चुनौती दी थी। उग्रवादियों ने बल की टुकड़ी पर फायरिंग कर दी। हवलदार शीशराम ने इस हमले से विचलित हुए बिना अपने जवानों को जोरदार जवाबी हमले के लिए प्रेरित किया और भारी गोलीबारी की। सिपाही संदीप यादव ने अपनी एलएमजी से फायर कर उग्रवादियों के कमांडर को मार गिराया। एक गोली उनको छूकर निकल गई परंतु उन्होंने दुश्मन पर फायरिंग जारी रखी और एक दूसरे उग्रवादी को मार गिराया। उनके अदम्य साहस, बहादुरी और धैर्य के लिए हवलदार शीशराम एवं सिपाही संदीप यादव को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।

Shri B.S.Rathore, Commandant, got down from his vehicle before a culvert, which was a potential explosion or ambush site, on his way from P.S. Bhiramgarh towards Bijapur, Chhattisgarh on 19 April 2004. He was working hard to defeat the nefarious designs of the Maoists and to instill confidence among people and exercise close supervision of the troops deployed for polling day. The troops were also ordered to be extra vigilant and to follow the same drill. When Shri B.S.Rathore came closer to the culvert, a powerful IED explosion rocked the culvert inflicting him with splinter injuries and an injury to his right ear that made him deaf. This was followed by heavy firing by about 150 maoists. Despite his injuries and being heavily outnumbered, Shri B.S.Rathore, Comdt., took on the arduous task of breaking the half-kilometer ambush and encouraged his men while he fired and moved forward. Constable Desh Raj fired HE bombs from a 51mm mortar while the troops retaliated with gusto. Beaten by the fierce and prompt retaliation of the troops, the Maoists beat a hasty retreat along with their killed/ injured comrades. In the subsequent search a suspect was apprehended. For their conspicuous determination, courage, and grit, Shri B S Rathore, Commandant and Constable Desh Raj were awarded the Police Medal for Gallantry.

वोटिंग के दिन लोगों में विश्वास कायम करने के लिए, माओवादियों के इरादे नाकाम करने के लिए और बल की टुकड़ियों का पर्यवेक्षण करने के लिए श्री बी.एस.राठौर, कमांडेंट, दिनांक 19 अप्रैल 2004 को थाना भीरमगढ़ से बीजापुर की तरफ गाड़ी से आ रहे थे और वे उस पुलिया पर गाड़ी से उतरे जो विस्फोट अथवा अंबुश का संभावित स्थान हो सकता था। जब श्री बी.एस.राठौर पुलिया के नजदीक आए तो एक शक्तिशाली आइईडी विस्फोट हुआ जिसके उन्हें किरचें लगीं और वे घायल हो गए तथा उनके दाहिने कान से सुनाई देना बंद हो गया। इसके बाद 150 माओवादियों ने भारी फायरिंग की। गंभीर घावों और संख्या में कम होने के बावजूद श्री बी.एस.राठौर, कमांडेंट ने आधा किलोमीटर लंबे अंबुश को तोड़ने का बीड़ा उठाया और अपने जवानों का हौंसला बढ़ाया जबकि वह स्वयं फायर करते हुए आगे बढ़ने लगे। सिपाही देश राज ने 51 एमएम मोर्टार से गोले बरसाए जबकि टुकड़ी के अन्य सदस्यों ने निर्भीकता से जवाबी हमला किया और माओवादियों को अपने मारे/घायल साथियों के साथ भाग जाने पर मजबूर कर दिया। बाद में तलाशी के दौरान एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया। उनके अदम्य साहस, बहादुरी और धैर्य के लिए श्री बी.एस.राठौर, कमांडेंट एवं सिपाही देश राज को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।



POLICE MEDAL FOR GALLANTRY

IRLA No.
2332
Name
Shri B.S. Rathore
Commandant
Unit
87 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.




Force No.
911241691
Name
Constable Desh Raj
Unit
87 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.





POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



Force No.
901130319
Name
Shaheed Constable Mohd Sadiq
Unit
74 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry (Posthumous).

On 11 November 2001, militants came to the house of Constable Mohd Sadiq, who was on leave, at village Darra-Dallian, District Poonch (Jammu & Kashmir). The militants forced him to lead them to Mangnar Forest. Faced with no other option, he complied but simultaneously displayed great presence of mind and great alacrity as he quickly managed to dispatch his two brothers to alert the nearby Army authorities. After leading the militants to the forest, he was released. Constable Mohd Sadiq then led the Army contingent to the hideout of the militants where a fierce encounter ensued. In retaliation, the Army killed 10 militants but unfortunately Constable Mohd Sadiq also got caught in the fire and laid down his life. Constable Mohd Sadiq displayed conspicuous courage and undaunted by the threat of the militants to his family, and with utter disregard to his own safety, led the Army contingent and made the supreme sacrifice of his life. For his devotion to the nation, Constable Mohd Sadiq was awarded the Police Medal for Gallantry (Posthumous).

दिनांक 11 नवंबर 2001 को जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले के गांव दारा-डलियां में आतंकवादी सिपाही मोहम्मद सादिक के घर पर आए जोकि छुट्टी पर था। आतंकवादी उसे जबरदस्ती मंगनार जंगल का रास्ता बताने के लिए ले गए। कोई और विकल्प न होने पर उसने उनका आदेश माना परंतु साथ ही उन्होंने सूझबूझ और चालाकी का प्रदर्शन करते हुए अपने दो भाईयों को नजदीक स्थित सेना के कैंप में उनके अधिकारियों को अलर्ट करने के लिए भेज दिया। आतंकवादियों का रास्ता बताने के बाद उन्होंने सेना को आतंकवादियों के छिपने के ठिकाने के बारे में बताया जहां भीषण मुठभेड़ हुई। जवाबी कार्यवाही में सेना ने 10 आतंकवादियो को मार गिराया परंतु दुर्भाग्य से इस गोलीबारी में उन्हें भी गोली लग गई और वे शहीद हो गए। सिपाही मो. सादिक ने आतंकवादियों को उन्हें और उनके परिवार को दी गई धमकी के बावजूद अपने जीवन की परवाह किए बिना अदम्य साहस का परिचय दिया, सेना को आतंकवादियों के कैंप तक ले कर गए और कर्तव्य की बलिवेदी पर अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान दिया। उनके द्वारा प्रदर्शित अपूर्व वीरता, अदम्य साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता के लिये सिपाही मोहम्मद सादिक को मरणोपरांत वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।

On 14 March 2004, the troops of D/83 Bn along with civil police surrounded a house in village Ansanpalli, PS Koyyur district Karimnagar, Andhra Pradesh. The PWG sentry present near a window of the cordoned off house alerted the Maoists who on being challenged to surrender by the troops opened heavy fire on them. The troops retaliated promptly. The fierce retaliation forced the Maoists on the backfoot and they began to flee. The troops began chasing the Maoists. A lady Maoist then hid herself in a narrow passage and rained bullets on the troops. In a brave attempt, undaunted by the continuous and heavy fire, Head Constable P.S Rajendran gained a suitable vantage point and killed the lady maoist. Meanwhile Constable S. Babu chased a fleeing Maoist amidst heavy firing and shot him dead. For their conspicuous bravery, courage, and grit, Head Constable P S Rajendran and Constable S Babu were awarded the Police Medal for Gallantry.

दिनांक 14 मार्च 2004 को डी/83 केरिपुबल की टुकड़ी ने सिविल पुलिस के साथ आंध्र प्रदेश के करीमनगर जिले के थाना कोयूर के गांव अंसानपल्ली के एक घर को घेर लिया। पीडब्लयूजी का संतरी जो घेराव किए घर की खिड़की के पास ही था उसने माओवादियों को सचेत कर दिया। पुलिस द्वारा माओवादियों को आत्मसमर्पण करने की चेतावनी देने पर उन्होंने बल की टुकड़ी पर भारी गोलीबारी कर दी। बल ने भी तुरंत जवाबी कार्रवाई की। बल की ओर से किए गए जोरदार जवाबी हमले से माओवादियों के पैर उखड़ गए और वे भाग खड़े हुए। बल की टुकड़ियों ने माओवादियों का पीछा शुरू कर दिया। एक महिला माओवादी ने स्वयं को एक छोटी सी जगह में छिपा लिया और गोलियां बरसाने लगी। लगातार और भारी फायरिंग के बीच निर्भीकता से हवलदार पी.एस.राजेंद्रन ने उपयुक्त जगह से महिला माओवादी को मार गिराया। इस दौरान सिपाही एस.बाबू ने एक भागते हुए माओवादी का पीछा किया और उसे मार गिराया। उनके अदम्य साहस, बहादुरी और धैर्य के लिए हवलदार पी.एस.राजेंद्रन एवं सिपाही एस.बाबू को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।



POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



Force No.
861160254
Name
Head Constable P.S.Rajendran
Unit
83 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.



Force No.
015242316
Name
Constable S.Babu
Unit
83 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.



POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



Force No.
971290463
Name
Shaheed Constable
Chaudhary Vinod Bhai
Unit
68 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry
(Posthumous).

An operation was launched by the troops of 68 Bn on information about the movement of extremists in Nalongbari/Tulabari area of PS Kalyanpur, West Tripura on 1 July 2004. During the operation the troops came across some suspects at Kalabari Crossing on the Barabari/Paglabari Maidan track who on being challenged opened fire at the troops. As the troops retaliated, the extremists fled towards village Dongerbari. The troops chased them and reached the outskirts of the village when Constable Chaudhary Vinod Bhai saw a nondescript figure ahead of him. The figure was a decoy and on being challenged, the insurgents hiding nearby opened heavy fire on the troops. In the fire, Constable Chaudhary Vinod Bhai received an injury but without caring for his injury he kept firing at the insurgents. The insurgents later fled from the area under the cover of darkness. Constable Chaudhary Vinod Bhai was evacuated from the area but his life could not be saved and he attained martyrdom. For displaying gallantry, valour, and devotion to duty of the highest order, Constable Chaudhary Vinod Bhai was awarded the Police Medal for Gallantry (Posthumous).

दिनांक 1 जुलाई, 2004 को पश्चिमी त्रिपुरा के थाना कल्याणपुर के नालोंगबाड़ी/तुलाबाड़ी क्षेत्र में उग्रवादियों के हलचल की सूचना मिलने पर 68 बटालियन की टुकड़ी ने एक आपरेशन का संचालन किया। आपरेशन के दौरान बाराबाड़ी/पागलबाड़ी मैदान के रास्ते कालाबाड़ी क्रासिंग पर कुछ संदिग्ध दिखाई दिए जिन्हें ललकारने पर उन्होंने बल की टुकड़ियों पर फायरिंग कर दी। बल द्वारा की गई जवाबी गोलीबारी से उग्रवादी डोंगरबाड़ी गांव की ओर भाग गए। बल की टुकड़ियों ने उनका पीछा किया और गांव की बाहरी सीमा पर पहुंचे जब सिपाही चौधरी विनोद भाई ने अपने आगे एक अज्ञात आकृति देखी। यह झांसा था और ललकारने पर नजदीक छिपे उग्रवादियों ने बल की टुकड़ियों पर भारी फायरिंग शुरू कर दी। इस गोलीबारी में सिपाही चौधरी विनोद भाई को गोली लगी परंतु घायल होने के बावजूद वह उग्रवादियों पर फायरिंग करते रहे। बाद में उग्रवादी अंधेरे का फायदा उठाकर वहां से भाग गए। सिपाही चौधरी विनोद भाई को वहां से ले जाया गया परंतु उन्हें बचाया नहीं जा सका और वह वीरगति को प्राप्त हुए। बहादुरी, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता के लिए शहीद सिपाही चौधरी विनोद भाई को मरणोपरांत वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।

On 9 August 2000, the troops of F/39 Bn CRPF under the command of Shri Biplab Mondal, Assistant Commandant, conducted a joint operation at Suara(Near Lakhari), PP Ramkot, Kathua (Jammu & Kashmir) and killed two LeT militants. Two militants who had managed to avoid being caught earlier by the troops in this encounter were reported to be present in a house in Sorena Chora village(Gurha Galyal) on 10 August 2000. When the troops reached the house it was found vacant as the militants had escaped again. On a tip-off from a villager, the troops started a combined operation in the adjoining forest. While the search was being conducted, the militants suddenly opened fire on them and threw grenades in which a Home Guard official was martyred. Shri Biplab Mondal who was very close to the martyred official threw a grenade in retaliation and fired at the militants killing one of them while another managed to escape. Later, Shri Biplab Mandal participated in an operation in which the militant who escaped on 10 August 2000 was killed. For his conspicuous gallantry, courage, and valour, Shri Biplab Mondal, Assistant Commandant, was awarded the Police Medal for Gallantry.

दिनांक 9 अगस्त 2000 को एफ/39 बटालियन केरिपुबल की टुकड़ी ने श्री बिप्लब मंडल, सहायक कमांडेंट के नेतृत्व में कठुआ जिले के पुलिस पोस्ट रामकोट के लखारी इलाके के निकट सोरा गांव में चलाए गए एक संयुक्त अभियान में दो लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों को मार गिराया। इस मुठभेड़ से बच निकले दो आतंकवादियों की गांव सोरेना छोरा गांव (गुरहा गलयाल) में उपस्थिति की सूचना 10 अगस्त 2000 को प्राप्त हुई। जब बल की टुकड़ियां घर में पहुंची तो उन्होंने घर खाली पाया क्योंकि आतंकवादी घर खाली की चुके थे। ग्रामीणों से मिली सूचना के आधार पर बल की टुकड़ियों ने नजदीक के जंगलों में एक संयुक्त अभियान चलाया। जब अभियान जारी था तभी आतंकवादियों ने उन पर फायरिंग की और ग्रेनेड विस्फोट किए जिसमें एक होम गार्ड का जवान शहीद हो गया। श्री बिप्लब मंडल ने जवाबी हमले में एक ग्रेनेड आतंकवादियों पर फेंका जिसमें एक आतंकवादी मारा गया और अन्य बच निकले। बाद में श्री बिप्लब मंडल ने एक अन्य आपरेशन में भाग लिया जिसमें 10 अगस्त 2000 को बच निकला आतंकवादी मारा गया। उनके अदम्य साहस, बहादुरी और धैर्य के लिए श्री बिप्लब मंडल, सहायक कमांडेंट को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।



POLICE MEDAL FOR GALLANTRY

IRLA No.
4953
Name
Shri Biplab Mondal,
Assistant Commandant
Unit
39 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.







POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



IRLA No.
2521
Name
Shri Mool Chand Panwar,
Commandant
Unit
68 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.



Force No.
971290703
Name
Constable Ashawjit Gaikwad
Unit
68 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.

On 31 July 2004, Shri Mool Chand Panwar, Commandant, 68 Bn CRPF himself led an operation against insurgents and waited outside a suspected house after placing cut-offs near village Krishna Prasad Para(Chhaygaria), Gram Sabha Ashighar, PS Jirania, District West Tripura. The insurgents had been warned by the troops to surrender after which nine people including women and children ventured out of a house raising their hands. Seeing this, Shri Mool Chand Panwar and a few troopers moved ahead. Suddenly an insurgent taking cover of a woman fired on Shri Mool Chand Panwar that he escaped by swift and timely action. The insurgent who had fired at Shri Mool chand Panwar, Comdt., started running in a bid to escape. Not losing a moment and exercising extreme control on their firing, so as to avoid any harm to the women and children, Shri Mool Chand Panwar and Constable Ashawjit Gaikwad fired from their weapons and an LMG respectively and shot the fleeing insurgent who fell after the bullets hit him and succumbed to his injuries later. For their conspicuous gallantry, courage, and valour, Shri Mool Chand Panwar, Commandant and Constable Ashawjit Gaikwad were awarded the Police Medal for Gallantry.

दिनांक 31 जुलाई 2004 को श्री मूल चंद पवार, कमांडेंट 68 बटालियन केरिपुबल ने उग्रवादियों के विरूद्ध स्वयं एक आपरेशन का नेतृत्व किया और त्रिपुरा राज्य के जिला पश्चिम त्रिपुरा के थाना जिरनिया में कृष्णा प्रसाद पारा(छायगरिया) के निकट कट-ऑफ लगाकर संदिग्ध घर के बाहर प्रतीक्षा करने लगे। बल की टुकड़ियों के द्वारा मकान के निवासियों को आत्मसमर्पण की चेतावनी देने पर महिलाओं और बच्चों सहित 9 लोग हाथ उठाए मकान से बाहर आए। श्री मूल चंद पंवार और बल की टुकड़ियां भी आगे बढ़ी। अचानक एक उग्रवादी ने एक महिला को ढाल बनाकर श्री मूल चंद पंवार, कमांडेंट पर गोली चला दी जिसमें वह अपनी फुर्ती से बाल-बाल बचे। इसके बाद वह उग्रवादी बचकर भागने का प्रयास करने लगा। श्री मूल चंद पंवार कमांडेंट और सिपाही अश्वजीत गायकवाड़ ने बिना समय गंवाए और महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर नियंत्रित रूप से अपने हथियारों से फायर किया और भागते उग्रवादी को ढेर कर दिया। उनके अदम्य साहस, बहादुरी और धैर्य के लिए श्री मूल चंद पंवार, कमांडेंट एवं सिपाही अश्वजीत गायकवाड़ को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।



POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



Force No.
881132879
Name
Constable M.Srinivasa
Unit
83 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.

While the troops of the CRPF and civil police were laying an ambush in Eddullapally village under PS Kothaguda, Andhra Pradesh, on 20 March 2004, they suddenly heard the cries of women and children. On reaching the house from where the cries originated, they saw that PWG extremists were badly thrashing a man. To save the man from the ruthless beating, the troops began to cordon off the house but were spotted by a Maoist who opened fire on Constable M.Srinivasan. Disregarding his own safety and undaunted by whizzing bullets, Constable M.Srinivasan took careful aim and shot the Maoist dead. The slain Maoist was identified as Area Commander of the guerilla squad, Narsampet of CPI(ML), PWG, on whom the government of Andhra Pradesh had announced a reward of Rs. 1 Lakh. For his conspicuous gallantry, courage, and grit, Constable M.Srinivasa was awarded the Police Medal for Gallantry.

दिनांक 20 मार्च 2004 को जब केरिपुबल और सिविल पुलिस की टुकड़ियां थाना कोठागुडा, आंध्रप्रदेश के अंतर्गत गांव इडुलापल्ली में अंबुश लगा रहे थे तब अचानक उन्होंने महिलाओं और बच्चों के चिल्लाने की आवाज़ें सुनीं। घर पहुंचने के बाद जहां से चीखें आ रही थीं उन्होंने देखा कि पीडब्लयूजी उग्रवादी एक व्यक्ति को बुरी तरह पीट रहे थे। पिटाई से बचाने के लिए बल की टुकड़ी ने घर को घेर लिया परंतु माओवादियों ने उनको देख लिया और उन्होंने सिपाही एम.श्रीनिवासन पर गोली चलाई। अपनी सुरक्षा और गोलियों की बौछार की परवाह किए बिना सिपाही एम.श्रीनिवासन ने सावधानीपूर्वक निशाना लगाकर एक माओवादी को मार गिराया। मृतक माओवादी की पहचान नरसमपेट भाकपा (माले), पीडब्लयूजीके गुरिल्ला दस्ते के एरिया कमांडर के तौर पर हुई जिस पर आंध्र प्रदेश सरकार ने 1 लाख रूपए का इनाम घोषित कर रखा था। उनके अदम्य साहस, बहादुरी और धैर्य के लिए सिपाही एम.श्रीनिवासन को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।



POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



Force No.
031455426
Name
Shaheed Constable Raksha Ram Pathak
Unit
141 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry (Posthumous).

On 15 January 2005, the troops of 141 Bn CRPF were conducting anti-sabotage checks on NH-A1, near Pampore Market, PS Pampore, District Pulwama. Constable Raksha Ram Pathak was leading the party with a prodder when he sensed some trouble in the area near a bridge. He cautiously advanced ahead while signaling the other troopers to stay back. When he was on the verge of detecting the hidden IED, the militants blasted the IED with a remote control and as a result Constable Raksha Ram Pathak received severe injuries despite wearing a bulletproof jacket and helmet. He was immediately evacuated to hospital but his life could not be saved. Constable Raksha Ram Pathak had shown valour by risking his life when he had sensed trouble in the area. He had futher shown concern for his colleagues safety as he courageously ventured on the dangerous task that not only saved the lives of his colleagues but also averted loss of property. For his act of valour and sacrifice, Constable Raksha Ram Pathak was awarded the Police Medal for Gallantry (Posthumous).

दिनांक 15 जनवरी, 2005 को कश्मीर के पुलवामा जिले के पामपोर थाने के पामपोर बाजार के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-1ए पर 141 बटालियन की एक टुकड़ी बम निरोधक कार्यों के लिए तैनात थी। सिपाही रक्षा राम पाठक एक प्रॉडर के साथ पार्टी का नेतृत्व कर रहे थे तभी उन्हें पुल के पास कुछ गड़बड़ी का अहसास हुआ। वह सावधानी से आगे बढ़े जबकि उन्होंने बाकी जवानों को पीछे रहने को कहा। जब वह छिपी हुई आईईडी ढूंढ निकालने ही वाले थे कि आतंकवादियों ने रिमोट कंट्रोल से उसमें विस्फोट कर दिया जिसमें बुलेटप्रूफ जैकेट और हेल्मेट पहने होने के बावजूद सिपाही रक्षा राम पाठक गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें बचाया नहीं जा सका। सिपाही रक्षा कुमार पाठक ने बहादुरी दिखाते हुए अपनी जान को खतरे में डालकर क्षेत्र में गड़बड़ी को भांप लिया और अपने साथियों की सुरक्षा की चिंता करते हुए बहादुरी से खतरे का सामना किया और उससे न केवल अपने साथियों की जानें बचाईं बल्कि जानमाल के नुकसान को भी टाल दिया। शहीद सिपाही रक्षा राम पाठक को उनकी अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता के लिए मरणोपरांत वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।



POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



Force No.
941382495
Name
Constable K.R.Ranga Swamy
Unit
113 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.

While the troops of C/113 Bn CRPF were encashing a bank draft in a branch of SBI in Kupwara after deploying a protection party outside the bank on 12 May 2003, terrorists entrenched in a vacant hotel above UP Sweet House, and clad in CPMF/ Police Uniforms, opened heavy fire on the troops. The initial volley of bullets hit two personnel who were martyred instantly. Constable K.R.Ranga Swamy received bullet injuries but along with the troops he retaliated against the firing and grenade lobbing by terrorists. When a terrorist attempted to sneak into the bank to lob grenades, Constable K.R.Ranga Swamy shot him in his thigh due to which the fidayeen slipped into the morcha and lost his grip on the grenade. The grenade exploded killing the fidayeen instantly. This drew the attention of the other fidayeen towards brave Constable K.R.Ranga Swamy and he fired at him. But Constable K.R. Ranga Swamy did not give up and kept firing which resulted in the killing of the other terrorist. Furthermore, he chased a militant who was running toward Haihama Chowk but was fired upon in which the brave trooper suffered more injuries but yet he kept firing. For his conspicuous gallantry, courage and grit, Constable K.R.Ranga Swamy was awarded the Police Medal for Gallantry.

जब सी//113 बटालियन की टुकड़ियां 12 मई 2003 को एसबीआई कुपवाड़ा में बैंक के बाहर सुरक्षा टुकड़ी की तैनाती के बाद एक बैंक ड्राफ्ट का नकदीकरण करवा रही थी तभी सुरक्षा बलों/ पुलिस की वर्दी में यूपी स्वीट हाउस की बिल्डिंग के ऊपर एक खाली होटल में मोर्चा लगाए आतंकवादियों ने उन पर भारी गोलीबारी कर दी। गोलियों की पहली बौछार में दो जवान शहीद हो गए। सिपाही के.आर. रंगास्वामी को गोलियां लगीं परंतु बल की टुकड़ी के साथ वह जवाबी गोलीबारी करते रहे और आतंकवादियों पर ग्रेनेड हमला करते रहे। जब एक आतंकवादी ग्रेनेड फेंकने के इरादे से धीरे से बैंक में प्रवेश करने का प्रयास कर रहा था तभी सिपाही के.आर.रंगास्वामी ने उसकी जांघ में गोली मार दी जिससे फिदायीन मोर्चे में घुस गया और उसके हाथ से ग्रेनेड फिसल गया। ग्रेनेड फट गया जिसमें फिदायीन मारा गया। इससे दूसरे फिदायीन का ध्यान भी सिपाही के.आर.रंगास्वामी की ओर हो गया और उसने गोली चला दी परंतु सिपाही के.आर.रंगास्वामी द्वारा की गई जवाबी गोलीबारी में दूसरा आतंकवादी भी मारा गया। बाद में सिपाही के. आर.रंगास्वामी हईहामा चौक की तरफ भागते एक आतंकवादी का पीछा करने लगे परंतु आतंकवादी की गोली लगने से वह घायल हो गए। उनके अदम्य साहस, बहादुरी और धैर्य के लिए सिपाही के.आर.रंगास्वामी को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।



POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



IRLA No.
4729
Name
Shri Pawan Kumar Singh
Deputy Commandant
Unit
116 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.

On the intervening night of 10 and 11 May 2004, Shri Pawan Kumar Singh, Deputy Commandant, along with his troops prepared an ambush for senior commanders of the Hizbul Mujahiddin. The ambush was set up on information that the militants were going to go from Pandiach area in Srinagar with nefarious designs to wipe out senior politicians of the valley by way of a fidayeen attack. When the suspects reached the killing zone, they were challenged to disclose their identity but they opened heavy fire on the troops and took cover. Ensuring proper fire discipline, command, and control, Shri Pawan Kumar Singh, Deputy Commandant, neutralized the fire of the militants. He then ordered his companions including Head Constable Suresh Kumar and Constable Ramanuj Kumar Singh to give him covering fire while he crawled closer to the militants. On reaching close, with utter disregard to his personal safety, Shri Pawan Kumar Singh, Deputy Commandant shot a militant dead who was later identified as Operational Chief of Hizbul Mujahiddin. For their conspicuous gallantry, courage, and valour, Shri Pawan Kumar, Deputy Commandant, Head Constable Suresh Kumar and Constable Ramanuj Kumar Singh were awarded the Police Medal for Gallantry.

10 और 11 मई 2004 की मध्यरात्रि को श्री पवन कुमार सिंह, उप कमांडेंट केरिपुबल ने अपनी टुकड़ियों के साथ हिज्बुल मुजाहिद्दीन के उस सीनियर कमांडर को पकड़ने के लिए एक अंबुश लगाया जोकि श्रीनगर के पांडियाच से गुजर कर जाने वाला था और उसके खतरनाक मंसूबे फिदायीन हमले में घाटी के वरिष्ठ राजनीतिज्ञ थे। जब संदिग्ध मारक क्षेत्र में आ गए तब उन्हें अपनी पहचान बताने के लिए ललकारा गया परंतु उन्होंने बल की टुकड़ियों पर भारी गोलीबारी करते हुए आड़ ले ली। अनुशासित, कमान और नियंत्रण से की गई गोलीबारी से श्री पवन कुमार सिंह, उप कमांडेंट ने आतंकवादियों के फायर को रोक दिया। उन्होंने तब अपने साथ हवलदार सुरेश कुमार और सिपाही रामानुज कुमार सिंह को उन्हें कवर फायर देने को कहा और व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना रेंगकर आतंकवादियों के नजदीक पहुंच गए और एक आतंकवादी को मार गिराया जिसकी पहचान बाद में हिज्बुल मुजाहिद्दीन के आपरेशन चीफ के रूप में हुई। उनके अदम्य साहस, बहादुरी और धैर्य के लिए श्री पवन कुमार सिंह, उप कमांडेंट, हवलदार सुरेश कुमार और सिपाही रामानुज कुमार सिंह को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।





Force No.
860110369
Name
Head Constable Suresh Kumar
Unit
116 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.





Force No.
901140955
Name
Constable Ramanuj Kumar Singh
Unit
116 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.





POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



IRLA No.
6708
Name
Shri Anil Kishor Yadav
Assistant Commandant
Unit
96 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.



Force No.
035163002
Name
Constable Shiv Vir Singh
Unit
96 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.

On 16 March 2005, while conducting a joint Search/Raid operation, the troops of the CRPF and civil police approached a suspected house in Mishahatkhola (Borangbari), Assam. There, Shri Anil Kishor Yadav, Assistant Commandant, saw an insurgent who was trying to escape and started chasing him after the insurgent paid no heed to surrender. The insurgent started firing and lobbed a grenade, before entering the adjacent paddy fields, which exploded very close to Shri Anil Kishor Yadav, Assistant Commandant, and Constable Shiv Vir Singh. Both of them took tactical positions on the ground to parry the attack and then fired on the fleeing insurgent. The insurgent kept throwing grenades and firing on the troops. While the insurgent was trying to reload his pistol, the duo fired and killed him. For their conspicuous gallantry, courage, and grit, Shri Anil Kishor Yadav, Assistant Commandant, and Constable Shiv Vir Singh were awarded the Police Medal for Gallantry.

दिनांक 16 मार्च 2005 को जब केरिपुबल की टुकड़ियां और सिविल पुलिस मिशाहटकोला (बोरंगबारी), असम में एक संयुक्त तलाशी अभियान का संचलन कर रही थी, श्री अनिल किशोर यादव, सहायक कमांडेंट ने एक उग्रवादी को देखा जोकि बच कर भागने का प्रयास कर रहा था और जब उसने आत्मसमर्पण की चेतावनी को अनदेखा कर दिया तब उसका पीछा किया। उग्रवादी ने गोलीबारी शुरू कर दी और धान की खेतों में घुसने से पहले ग्रेनेड फेंके जोकि श्री अनिल किशोर यादव, सहायक कमांडेंट और सिपाही शिववीर सिंह के बिलकुल निकट फटे। दोनों ने रणनीतिक तौर पर ग्राउंड पर पोजीशन ले ली ताकि बराबरी का मुकाबला किया जा सके और तब भागते उग्रवादी पर गोली चलाई। उग्रवादी ग्रेनेड फेंकता रहा और बल की टुकड़ी पर फायरिंग करता रहा। जब उग्रवादी अपनी पिस्तौल को दोबारा भर रहा था तब दोनों ने गोली चला कर उसे ढेर कर दिया। उनके अदम्य साहस, बहादुरी और धैर्य के लिए श्री अनिल किशोर यादव, सहायक कमांडेंट एवं सिपाही शिववीर सिंह को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।



POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



Force No.
913121504
Name
Constable V.D.Thakre
Unit
22 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.

On a tip-off from villagers about the presence of MCCI militants on 7 February 2005, the troops of F/22 Bn CRPF along with civil police approached a house in village Khanikhet, but the militants sensed the presence of troops and opened heavy fire on them. The militants then began fleeing. Soon enough Constable V.D.Thakre began firing at the fleeing militant. While he was giving covering fire, a bullet hit him. Despite his grievous injury, the brave trooper reached closer to mortar No. 1 and fired HE bombs which destroyed the fortified position of the militants compelling them to flee. The troops killed two militants and also apprehended two others. For his conspicuous gallantry, courage, and valour, Constable V.D.Thakre was awarded the Police Medal for Gallantry.

दिनांक 7 फरवरी 2005 को आतंकवादियों की उपस्थिति की सूचना मिलने पर एफ/22 बटालियन केरिपुबल के साथ सिविल पुलिस ने खानीखेत गांव के एक घर को घेर लिया परंतु आतंकवादियों द्वारा बल की टुकड़ियों का पता लगने पर उन्होंने भारी गोलीबारी शुरू कर दी और भागने लगे। सिपाही वी. डी.ठाकरे ने भागते आतंकवादियों पर गोलीबारी की। जब वह अपने साथियों को कवरिंग फायर दे रहे थे तब एक गोली उन्हें लगी परंतु इसके बावजूद इस जांबाज सिपाही ने मोर्टार से एचई बम फायर कर आतंकवादियों की मजबूत पोजीशन को नष्ट कर उन्हें भागने पर मजबूर कर दिया। बल की टुकड़ियों ने दो आतंकवादियों को मार गिराया जबकि दो अन्य गिरफ्तार किए गए। उनके अदम्य साहस, बहादुरी और धैर्य के लिए सिपाही वी.डी.ठाकरे को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।



POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



Force No.
031510775
Name
Constable P. Chakma
Unit
50 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.

On 18 October 2005, a person who wanted to meet Shri Mohd Yusuf Taragami, MLA, CPI(M) at his residence in Tulsibagh colony Srinagar shot the PSO with his concealed weapon on being stopped for security checking. The PSO suffered grave injuries and was martyred instantly. Constable P.Chakma of 50 Bn CRPF on sentry duty at the main gate reacted swiftly to the siuation and fired at the militant injuring him seriously. The militant started retreating after this assault but stopped near a staircase because of the bullet injury and was then shot dead by the troops. For his conspicuous gallantry, courage, and grit, Constable P. Chakma was awarded the Police medal for Gallantry.

दिनांक 18 अक्टूबर 2005 को श्रीनगर के तुलसीबाग कालोनी में सीपीआई (एम) के विधायक श्री मोहम्मद यूसुफ तरागमी से एक व्यक्ति जो उनके निवास पर मिलना चाहता था, उसे सुरक्षा जांच के लिए रोकने पर उसने अपने छिपे हथियार से पीएसओ को गोली मार दी। पीएसओ गंभीर रूप से घायल होकर शहीद हो गया। 50 बटालियन केरिपुबल के सिपाही पी.चकमा जो मुख्य द्वारा पर संतरी डयूटी पर थे वह तुरंत हरकत में आए और उन्होंने आतंकवादी पर गोली चलाकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। आतंकवादी इस हमले के बाद भागने लगा परंतु गोली लगने की वजह से सीढ़ियों के पास रूक गया और तब दस्ते के अन्य सदस्यों ने उसे गोली मारकर वहीं ढेर कर दिया। उनके अदम्य साहस, बहादुरी और धैर्य के लिए सिपाही पी.चकमा को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।





POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



Force No.
800620016
Name
Shaheed Head Constable
Mohinder Singh
Unit
77 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry
(Posthumous).



Force No.
015051031
Name
Shaheed Constable
Sayed Shamuddin
Unit
77 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry
(Posthumous).

On 24 February 2005, two heavily armed fidayeens tried to force their way into the office of the Divisional Commissioner, Srinagar, by opening indiscriminate fire and lobbing grenades. Head Constable Mohinder Singh and Constable Sayed Shamuddin, who were on duty at the main gate, tried to stop the fidayeens from entering but came under their direct fire and sacrificed their lives. Thereafter, the militants ran towards the Revenue Complex of the DC's office where they were challenged by Lance Naik D M Dutta and Constable J Shiv Shankaran. As the two fired at the militants, the militants fled towards Nazrul Building in Revenue Complex. Soon more troops from different battalions arrived at the spot and a cordon was laid around the building. Shri S R Ojha, Dy. Inspector General, CRPF, Srinagar also arrived at the spot and took command of the operation. He first evacuated the injured personnel and civilians from the building complex and then launched an operation to locate and neutralize the fidayeens. As the exact location of the fidayeens was not confirmed, the troops were ordered to lay a tight cordon around Nazrul Building and adjacent buildings while ensuring the safe evacuation of civilians. Likewise, Shri S R Ojha, Dy. Inspector General alongwith Shri Arvinder Singh, Second-in-Command, sat in a bunker and placed it right in front of Nazrul Building. By doing so they countered the fire of the militants, who had by then started firing from inside the building to harm civilians. After the evacuation of more civilians, an assault team under the command of Shri Arvinder Singh, Second-in-Command, and Sub-Inspector Pauja Lal was formed. The assault team under the supervision of Shri S R Ojha, fired and neutralized one of the militants. Thereafter, they moved close to the window of the room where the second militant was hiding and after breaking the window lobbed successive grenades. Due to the grenades, the second militant was also neutralized. For displaying conspicuous gallantry, bravery, and devotion to duty of the highest order, seven personnel were awarded the Police Medal for Gallantry.

दिनांक 24 फरवरी, 2005 को दो सशस्त्र फिदायीनों ने अंधाधुंध फायरिंग और ग्रेनेड दागते हुए श्रीनगर के डिवीजनल कमिश्नर के कार्यालय जबरन घुसने का प्रयास किया। परंतु में गेट पर तैनात संतरी सिपाही सेइद शामुद्दीन और गार्ड कमांडर हवलदार महेंद्र सिंह ने उन्हें घुसने से रोका परंतु फायरिंग की सीधी चपेट में आकर शहीद हो गए। उसके बाद आतंकवादी डीसी कार्यालय में बने रेवेन्यू कांप्लेक्स की ओर भागे जहां उन्हें लांस नायक डी.एम.दत्ता और सिपाही जे. शिव शंकरन ने ललकारा। जैसे ही दोनों ने आतंकवादियों पर फायरिंग की दोनों आतंकवादी रेवेन्यू कांप्लेक्स में नज़रूल भवन की ओर भागे। जल्द ही घटनास्थल पर और बटालियनों के जवान भी आ गए और भवन को चारों तरफ से घेर लिया गया। श्री एस.आर.ओझा, उपमहानिरीक्षक सीआरपीएफ भी कार्यालय पर पहुंच गए और आपरेशन की कमान अपने



Name
Shri S R Ojha
Deputy Inspector General of Police
Unit
Deputy Inspector General, Srinagar
Decoration
Police Medal for Gallantry.



IRLA No.
3464
Name
Shri Arvinder Singh,
Second-in-Command
Unit
71 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.



Force No.
830759273
Name
Lance Naik D M Dutta
Unit
77 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.



Force No.
881166276
Name
Constable J Shiv Shankaran
Unit
077 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.

हाथों में ली। में बने इस हमले में गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्होंने पहले घायलों और नागरिकों को भवन से निकाला और तब फिदायीनों को ढूंढने और समाप्त करने का आपरेशन संचालित किया। चूंकि फिदायीनों की सही स्थिति की जानकारी नहीं थी बल की टुकड़ियों को नजरूल भवन और आसपास के भवनों का तंग घेरा बनाने का आदेश दिया ताकि नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। इसी प्रकारी श्री एस.आर.ओझा, श्री अविंदर सिंह, ध्दितीय कमान अधिकारी के साथ एक बंकर गाड़ी में बैठे और उसे ठीक नजरूल भवन के सामने खड़ा कर दिया। ऐसा करने से वे आतंकवादियों की फायरिंग का जवाब दे जिन्होंने नागरिकों को नुकसान पहुंचाने के लिए अब फायरिंग शुरू कर दी थी। पा रहे थे। और नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकालने के बाद श्री अरविंदर सिंह द्वितीय कमान अधिकारी और उप निरीक्षक पौजा लाल के नेतृत्व में एक धावा दल गठित किया गया। श्री एस.आर.ओझा के नेतृत्व में धावा दल ने फायरिंग कर एक आतंकवादी को मार गिराया। उसके बाद वे कमरे की खिड़की के पास गए जहां दूसरा आतंकवादी छिपा हुआ था और खिड़की तोड़कर उसमें लगातार ग्रेनेड फेंके जिसमें दूसरा आतंकवादी भी मारा गया। इस मुठभेड़ में दिखाई गई अपूर्व वीरता, अदम्य साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता के लिए सात कार्मिकों को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।



Force No.
027120013
Name
Sub-Inspector Pauja Lal
Unit
37 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.



POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



IRLA No.
3595
Name
Shri Trupati Kant Hati
Deputy Commandant
Unit
69 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.



Force No.
830755739
Name
Head Constable Rajender Singh
Unit
69 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.

On 2 September 2005, the troops of 69 Bn launched an operation against militants in village Awaneera, PS Zainapora, Sub-Division Shopian, District Pulwama (Jammu & Kashmir). The troops had cordoned off an area and at about 0420 hours on 3 September, Head Constable Rajender Singh, who had positioned himself besides a nullah, noticed a man moving suspiciously. On being challenged, the militant opened fire at Head Constable Rajender Singh and tried to break the cordon. But Rajender Singh, though overwhelmed by the burst of fire, exhibited exemplary courage and retaliated against the fire. Shri Trupti Kant Hati, Dy. Comdt., was positioned just 10 feet away from Head Constable Rajender Singh and on noticing the fleeing militant ran after him. Soon he was joined by Head Constable Rajender Singh. The duo displaying extraordinary courage chased the terrorist in the hilly and tough terrain up to a100 metres and shot him dead. For displaying conspicuous courage, bravery, and devotion to duty of the highest order, Shri Trupati Kant Hati, Deputy Commandant, and Head Constable Rajender Singh were awarded the Police Medal for Gallantry.

दिनांक 2 सितंबर 2005 को 69 बटालियन द्वारा जम्मू कश्मीर के पुलवामा जिले के शोपियां सब-डिवीज़न के थाना ज़ैनापोरा के गांव अवानीरा में आतंकवादियों के विरूद्ध एक आपरेशन का संचालन किया गया। 3 सितंबर को हवलदार राजेंद्र सिंह जिन्होंने नाले के पास पोजीशन ले रखी थी उन्होंने कुछ संदिग्ध हरकत देखी। ललकाने पर आतंकवादियों ने हवलदार राजेंद्र सिंह पर फायरिंग कर दी और घेरा तोड़ने की कोशिश की परंतु हवलदार राजेंद्र सिंह ने गोलियों की बौछार के बावजूद अनुकरणीय बहादुरी का प्रदर्शन करते हुए जवाबी गोलीबारी की। हवलदार राजेंद्र सिंह से केवल 10 फीट की दूरी पर श्री तृप्ति कांत हाती, उप कमांडेंट ने पोजीशन ले रखी थी और उन्होंने भागते हुए आतंकवादी को देखा और उसका पीछा किया। जल्द ही हवलदार राजेंद्र सिंह भी उनके साथ हो लिए। दोनों ने असाधारण वीरता का प्रदर्शन करते हुए पहाड़ी और मुश्किल रास्तों पर सौ मीटर तक उसका पीछा किया और उसे मार गिराया। इस मुठभेड़ के दौरान प्रदर्शित अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता के लिए श्री तृप्ति कांत हाती, उप कमांडेंट और हवलदार राजेंद्र सिंह को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।

Afidayeen attack took place at the ITO Building in Srinagar on 7 January 2005. As the encounter was going on, Shri Rakesh Kumar, Assistant Commandant and Head Constable T R Senapati entered the ITO building along with other security personnel. When one of the militants was seen coming down the stairs, Head Constable Senapati aimed at him and killed him at close range in a daring action without caring for his personal safety. When the other militant tried to come out of the room, Shri Rakesh Kumar, Assistant Commandant, fired at him and made him turn back. Thereafter, a hole was made on the roof and grenades were lobbed inside the room which forced the militant to come out. Soon the militant ran out of the room firing indiscriminately, but he was gunned down by Shri Rakesh Kumar, Assistant Commandant, in a face to face fight. For displaying conspicuous bravery and gallantry, Shri Rakesh Kumar, Assistant Commandant and Head Constable T R Senapati were awarded the Police Medal for Gallantry.

दिनांक 7 जनवरी 2005 को श्रीनगर की आईटीओ बिल्डिंग के पास एक फिदायीन हमला हुआ। जब मुठभेड़ जारी थी तब श्री राकेश कुमार सहायक कमांडेंट और हवलदार टी.आर.सेनापति ने अन्य सुरक्षा कर्मियों के साथ बिल्डिंग में प्रवेश किया। जब एक आतंकवादी सीढ़ियों के रास्ते नीचे उतर रहा था तब हवलदार सेनापति ने अपनी जान की परवाह किए बिना बिलकुल नजदीक से निशाना लगाकर आतंकी को मार गिराया। जब दूसरे आतंकवादी ने कमरे से बाहर आने का प्रयास किया तब श्री राकेश कुमार सहायक कमांडेंट ने उसे वापिस जाने पर मजबूर कर दिया। उसके बाद छत पर एक सुराख करके उसमें से कमरे के अंदर ग्रेनेड डाला गया और आतंकवादी को बाहर आने को मजबूर कर दिया। जैसे ही आतंकवादी अंधाधुंध फायरिंग करते हुए बाहर की ओर भागा तो श्री राकेश कुमार, सहा.कमां. ने आमने-सामने की लड़ाई में उसे मार गिराया। इस मुठभेड़ के दौरान प्रदर्शित अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता के लिए श्री राकेश कुमार सहायक कमांडेंट और हवलदार टी.आर.सेनापति को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।



POLICE MEDAL FOR GALLANTRY

IRLA No.
5280
Name
Shri Rakesh Kumar,
Assistant Commandant
Unit
84 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.



Force No.
850772138
Name
Head Constable T R Senapati
Unit
37 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.





POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



Force No.
041620474
Name
Constable Dhoom Ravindra Bhai
Unit
162 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.

During an ongoing operation on 12 February 2006 in village Humshalibug, PS Yaripura, District Anantnag, Jammu & Kashmir as a search party advanced towards a suspicious house after laying a cordon, the militants inside the house opened indiscriminate fire and an encounter ensued. To escape, one of the militants ran out of the house while firing indiscriminately but he was challenged by Constable Dhoom Ravindra Bhai and Constable Girraj Gurjar. The two constables without getting intimidated by the sudden and fierce firing by the militants, displayed great courage and with utter disregard for their own lives fired and neutralized the militant in a close quarter battle. The second militant too met with the same fate, by the valiant and courageous actions of Constable Dilip Kumar Meena and Constable Jeet Bahadur, when he also tried to escape from the rear of the house by opening intense fire. For displaying conspicuous gallantry, bravery, and devotion to duty of the highest order, Constables Dhoom Ravindra Bhai, Girraj Gurjar, Dilip Kumar Meena and Jeet Bahadur were awarded the Police Medal for Gallantry.

दिनांक 12 फरवरी 2006 को जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले के थाना यारीपुरा के गांव हमशालीबग में एक आपरेशन जारी था। जब तलाशी पार्टी एक घर की घेराबंदी करके आगे बढ़ी तो आतंकवादियों ने उन पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी और एक भीषण मुठभेड़ हुई। बच निकलने के लिए एक आतंकवादी अंधाधुंध फायरिंग करते हुए घर से बाहर निकला जिसे सिपाही धूम रविंद्र भाई और सिपाही गिरिराज गुर्जर ने चुनौती दी। अचनाक हुई भीषण गोलीबारी से दोनों सिपाही विचलित नहीं हुए बल्कि बहादुरी का प्रदर्शन करते हुए अपनी जान की परवाह किए बिना फायरिंग करते हुए नजदीक की लड़ाई में आतंकवादी को मार गिराया। सिपाही दिलीप कुमार मीणा और सिपाही जीत बहादुर की बहादुरी और साहस के कारण दूसरे आतंकवादी का भी यही हश्र हुआ जो भारी फायरिंग करते हुए घर के पीछे की ओर से भागने का प्रयास कर रहा था। इस आपरेशन के दौरान प्रदर्शित अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता के लिए सिपाही धूम रविंद्र भाई, सिपाही गिरिराज गुर्जर, सिपाही दिलीप कुमार मीणा और सिपाही जीत बहादुर को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।



Force No.
041625913
Name
Constable Girraj Gurjar
Unit
162 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.



Force No.
015184326
Name
Constable Jeet Bahadur
Unit
162 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.



Force No.
041625102
Name
Constable Dilip Kumar Meena
Unit
162 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.





POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



Force No.
991241216
Name
Constable Ranjan Kumar Roy
Unit
50 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.

On 7 September 2005, two militants fired at a morcha of the CRPF at Neelam Cinema, Karan Nagar, Srinagar, which was duly retaliated by Constable Ranjan Kumar Roy who killed one of the militants. The second militant ran and escaped into the nearby houses. The area was cordoned off and a search was launched. During the search on 8 September as Constable Ranjan Kumar Roy, who was leading the search party, was conducting a room intervention the militant hiding inside opened intense fire. Due to the firing, Constable Ranjan Kumar Roy received bullet injuries but despite sustaining injuries he fired at the militant who was trying to flee. The militant remained holed-up in the house and was later neutralized. For displaying valour and bravery, Constable Ranjan Kumar Roy was awarded the Police Medal for Gallantry.

दिनांक 7 सितंबर 2005 को श्रीनगर के करण नगर के नीलम सिनेमा में सीआरपीएफ के मोर्चे पर दो आतंकवादियों ने फायरिंग की जिसका सिपाही रंजन कुमार रॉय ने समुचित जवाब दिया जिसके परिणामस्वरूप एक आतंकवादी मारा गया। दूसरा आतंकवादी भागा और पास के घर में घुस गया। पूरे इलाके की घेराबंदी की गई और तलाशी अभियान चलाया गया। 8 सितंबर को तलाशी के दौरान जैसे ही सिपाही रंजन कुमार रॉय जो तलाशी पार्टी का नेतृत्व कर रहे थे, वे कमरे में प्रवेश कर रहे थे तभी अंदर छिपे आतंकवादी ने उन पर जोरदार फायरिंग कर दी। गोलीबारी के कारण सिपाही रंजन कमार रॉय को गोली लगी परंतु घायल होने के बावजूद उन्होंने बच कर निकल भागने का प्रयास कर रहे आतंकवादी पर गोली चलाई। आतंकवादी को घर में घेर लिया गया और बाद में मार गिराया गया। इस आपरेशन के दौरान प्रदर्शित अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता के लिए सिपाही रंजन कमार रॉय को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।

On 23 May 2005, a joint reconnaissance party, in which Constable Quereshi Vafadar Ahmed and Constable Munish Kumar were present, set out to locate militants in the Patiala Dhar area of Gandoh, Jammu. As the party located the militants on 25 May, it called for reinforcements to launch an operation. On 26 May the operation was launched and both the above constables were part of the assault party. After laying the cut-off, as the assault party advanced towards the target, it noticed two men with their bodies covered with shawls coming out of the hideout and proceeding towards the back of the hideout. The two men then opened fire after suspecting the presence of security forces around them and jumped towards the eastern side to flee. The militants in the hideout also then opened fire at the troops. Constable Munish Kumar saw one militant loading an RPG and immediately fired and hit him. In the meantime Constable Quereshi advanced and noticed a militant firing from a Pica Gun. He immediately took a shot and killed the militant. In the encounter five militants were killed. For displaying bravery of the highest order, Constable Quereshi Vafadar Ahmed and Constable Munish Kumar were awarded the Police Medal for Gallantry.

दिनांक 23 मई 2005 को जम्मू के गंडोह के पटियाला धार में सिपाही कुरैशी वफादार अहमद और सिपाही मुनीश कुमार एक संयुक्त रेकी पार्टी के सदस्य थे। 25 मई को पार्टी ने आतंकवादियों को देखा और अतिरिक्त सैन्य बल की मांग की और आपरेशन का संचालन किया। 26 मई को आपरेशन शुरू किया गया और उक्त दोनों सिपाही इस हमला टीम के सदस्य थे। कट ऑफ लगाने के बाद जैसे ही हमला टीम आगे बढ़ी उन्होंने दो व्यक्तियों को अपना शरीर शॉल से ढक कर छिपने के स्थान से निकलकर पीछे की ओर जाते देखा। सुरक्षा बलों की उपस्थिति भांपते हुए दोनों ने फायरिंग शुरू कर दी और पश्चिमी दिशा की ओर भाग गए। छिपने के ठिकाने के अंदर मौजूद आतंकवादियों ने भी गोलीबारी शुरू कर दी। सिपाही मुनीश कुमार ने एक आतंकवादी को आरपीजी लोड करते देखा और तुरंत गोली चलाकर उसे ढेर कर दिया। इसी दौरान सिपाही कुरैशी आगे बढ़े और उन्होंने पीका गन से एक आतंकवादी को फायरिंग करते देखा। उन्होंने भी उसे तुरंत मार गिराया। इस आपरेशन के दौरान प्रदर्शित अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता के लिए सिपाही मुनीश कुमार और सिपाही कुरैशी वफादार अहमद को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।



POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



Force No.
903062114
Name
Constable Quereshi Vafadar Ahmed
Unit
147 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.



Force No.
035162647
Name
Constable Munish Kumar
Unit
147 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.



POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



IRLA No.
3134
Name
Shri A K Singh,
Second-in-Command
Unit
50 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.


On 15 January 2005, Shri A K Singh, Second-in-Command on noticing the sudden exodus of people from the Passport Office building sensed that militants were present there and ordered his troops to cordon off the building. As the cordon was being laid, militants opened fire at the troops. Due to the darkness, the area was kept cordoned off for the night and the operation was launched again in the morning. Under extreme danger, Shri A K Singh, along with the other troops entered the Passport Office and neutralized one of the militants. The second militant took refuge in the adjacent building of the DYSS. To neutralize the militant, the QRT of 123 Bn then undertook the mission and Shri Surender Kumar, Deputy Commandant, and Constable H S Chauhan were part of the team. The QRT under covering fire entered the building and started clearing the rooms. As the QRT advanced, a militant jumped from the window and was neutralized. For their conspicuous gallantry, bravery, and devotion to duty of the highest order, Shri A K Singh, Second-in-Command, Shri Surender Kumar, Deputy Commandant, and Constable H S Chauhan were awarded the Police Medal for Gallantry.

दिनांक 15 जनवरी 2005 को श्री ए.के.सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी ने पासपोर्ट कार्यालय से अचानक लोगों को भारी संख्या में बाहर निकलते देखने के बाद उन्होंने वहां आतंकवादियों की उपस्थिति भांपते हुए अपने जवानों को भवन घेरने का आदेश दिया। जब घेराव किया जा रहा था तभी आतंकवादियों ने बल की टुकड़ी पर गोलीबारी शुरू कर दी। अंधेरे के कारण क्षेत्र को रात के लिए घेर कर रखा गया था और सुबह फिर आपरेशन का संचालन किया गया। गंभीर खतरे के बावजूद श्री ए.के.सिंह ने अन्य सदस्यों के साथ पासपोर्ट कार्यालय में प्रवेश किया और एक आतंकवादी को मार गिराया। दूसरे आतंकवादी ने पास की डीवाईएसएस बिल्डिंग में शरण ली। 123 बटा. की क्यूआरटी जिसमें श्री सुरेंद्र कुमार, उप कमांडेंट और सिपाही एच.एस.चौहान सदस्य थे उन्होंने दूसरे आतंकवादी को खत्म करने का बीड़ा उठाया। जैसे ही क्यूआरटी आगे बढ़ी आतंकवादी खिड़की से कूद गया और मार गिराया गया। इस आपरेशन के दौरान प्रदर्शित अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता के लिए श्री ए.के.सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी, श्री सुरेंद्र कुमार, उप कमांडेंट और सिपाही एच.एस.चौहान को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।





IRLA No.
4498
Name
Shri Surender Kumar
Deputy Commandant
Unit
123 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.





Force No.
920750637
Name
Constable H S Chauhan
Unit
123 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.



POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



IRLA No.
3139
Name
Shri Dinesh Pratap Upadhyay
Second In Command
Unit
70 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.



Force No.
941261029
Name
Constable Udai Nath Sahu
Unit
70 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.

On 20 July 2005, while Shri Dinesh Pratap Upadhyay, Second-in-Command and Constable Udai Nath Sahu were proceeding for the reconnaissance of an area between villages Gomphakonda and Tekguda of Police Station Kalimela, District Malkangiri (Odisha), they were fired upon by naxalites near village Kanaguda. They immediately took positions and noticed only two of the naxalites, though there were more hidden. Shri Dinesh Pratap Upadhyay advanced tactically towards the naxalites and Constable Udai Nath Sahu followed. After reaching closer to the naxalites, he fired and killed one of the naxalites. Thereafter, the duo fired and chased other naxalites but the naxalites managed to flee. For displaying valour of the highest order, Shri Dinesh Pratap Upadhyay, Second-in-Command, and Constable Udai Nath Sahu were awarded the Police Medal for Gallantry.

दिनांक 20 जुलाई 2005 को श्री दिनेश प्रताप उपाध्याय, द्वितीय कमान अधिकारी और सिपाही उदय नाथ साहू ओडिशा के मलकानगिरी थाने के गांव गोंफाकोंडा और टेकगुडा गांवों के बीच के क्षेत्र की टोह लेने के लिए रवाना हुए और गांव कानागुडा के पास माओवादियों ने उन पर गोलीबारी कर दी। उन्होंने तुरंत पोजीशन ली और दो माओवादियों को देखा, हालांकि वहां और भी थे। श्री दिनेश प्रताप उपाध्याय सामरिक रूप से माओवादियों की ओर आगे बढ़े और सिपाही उदय नाथ साहू उनके पीछे था। माओवादियों के पास पहुंचने के बाद उन्होंने गोली चलाकर एक माओवादी को मार गिराया। उसके बाद दोनों ने फायर करते हुए दूसरे माओवादियों का पीछा किया परंतु वे भागने में सफल रहे। इस आपरेशन के दौरान प्रदर्शित अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता के लिए श्री दिनेश प्रताप उपाध्याय, द्वितीय कमान अधिकारी और सिपाही उदय नाथ साहू को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।

On 7 June 2004, the troops of 128 Bn along with the state police launched an operation against militants hiding in village Gondipora, PS Beerwah, District Budgam, Jammu & Kashmir. The troops of 128 Bn under the command Shri Love Kumar, Assistant Commandant, were given the task of cordoning off a suspected house from the rear. When the troops were zeroing in, the militants opened heavy fire in a bid to escape. The cordon party remained calm and returned fire while avoiding collateral damage. The two militants then made a desperate attempt to escape from the rear of the house and managed to jump out of the house under the cover of darkness, but were put down effectively by the troops under the command of Shri Love Kumar. Shri Love Kumar then exhibited great courage and determination and commanded his team in the midst of heavy firing from the fleeing militants and eliminated both the militants. For displaying conspicuous gallantry, courage, and devotion to duty of the highest order, Shri Love Kumar, Assistant Commandant, was awarded the Police Medal for Gallantry.

दिनांक 7 जून 2004 को जम्मू कश्मीर के बडगाम जिले के थाना बीरवाह के गांव गोंडीपोरा में छिपे हुए आतंकवादियों के विरूद्ध 128 बटा. की टुकड़ियों ने राज्य पुलिस के साथ एक आपरेशन का संचालन किया। श्री लव कुमार, सहायक कमांडेंट के नेतृत्व में 128 बटा. की टुकड़ियों को घर के पीछे से घेराव का कार्य सौंपा गया। जब बल की टुकड़ियां लक्ष्य साध रही थीं तभी बच कर भाग निकलने के लिए आतंकवादियों ने उन पर भारी फायरिंग शुरू कर दी। घेराव पार्टी ने संतुलित रहते हुए जवाबी गोलीबारी की ताकि दोनों ओर का नुकसान न हो। बच निकलने के प्रयास में दोनों आतंकवादी अंधेरे का लाभ उठाते हुए घर के पीछे की ओर से छलांग लगाकर भागने लगे परंतु बल की टुकड़ी के प्रभावी कार्यवाही की। श्री लव कुमार ने साहस और दृढ़ता का परिचय देते हुए भारी गोलीबारी के बीच टीम का नेतृत्व करते हुए भाग रहे दोनों आतंकवादियों को मार गिराया। आपरेशन के दौरान प्रदर्शित अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता के लिए श्री लव कुमार, सहायक कमांडेंट को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।



POLICE MEDAL FOR GALLANTRY

IRLA No.
4981
Name
Shri Love Kumar,
Assistant Commandant
Unit
128 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.





POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



Force No.
941421525
Name
Sub-Inspector Arvind Kumar
Unit
5 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.

On 10 September 2006, as Sub-Inspector Arvind Kumar was leading a search party towards village Dadran, PS D S Pora, District Kulgam, Jammu & Kashmir, he noticed a terrorist hiding in a house. He was tactfully leading the search party towards the house but was spotted by the terrorist who immediately opened indiscriminate fire. Inspite of the clear danger to his life, Sub-Inspector Arvind Kumar then advanced towards the target surreptitiously without caring for the bullets being fired at him and with his effective fire gunned the terrorist down. For displaying conspicuous bravery and gallantry, Sub-Inspector Arvind Kumar was awarded the Police Medal for Gallantry.

दिनांक 10 सितंबर 2006 को सब इंस्पेक्टर अरविंद कुमार जम्मू कश्मीर के जिला कुलगाम के थाना डीएसपोरा के गांव छादरान में एक सर्च पार्टी का नेतृत्व कर रहे थे। वह चतुराई से सर्च पार्टी का नेतृत्व करते हुए आगे बढ़े परंतु आतंकवादियों द्वारा उन्हें देख लिया गया जिन्होंने तुरंत अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। गंभीर खतरा होने के बावजूद उपनिरीक्षक अरविंद कुमार गोलियों की परवाह न कर चुपचाप आगे बढ़े और अपने अचूक निशाने से एक आतंकवादी को ढेर कर दिया। आपरेशन के दौरान प्रदर्शित अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता के लिए श्री लव कुमार, सहायक कमांडेंट को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।

On 26 March 2006, militants opened fire at an Army convoy passing through the Pampore market area, Kashmir. Shri Sanjay Kumar, Assistant Commandant, who was supervising the ROP, on hearing the sound of fire from Darangbal mohalla immediately rushed in a bunker through a side lane strategically. There he spotted a militant positioned near Dar Masjid lane who was firing indiscriminately on the passing convoy on NH-1A. He immediately retaliated but the militant lobbed a grenade which exploded near the bunker. Thereafter, the militant targeted his bullets towards the bunker. Shri Sanjay Kumar and Constable Kalab Hussain engaged the militant but the militant was taking cover of a thick slab of stone thus making the fire of the troops ineffective. Thereafter, in a brave move, Shri Sanjay Kumar and Constable Talab Hussain, showing great presence of mind, though exposed to grave danger, jumped out of the bunker and took suitable positions and killed the militant after a brief encounter. For displaying conspicuous gallantry, courage, and devotion to duty, Shri Sanjay Kumar, Assistant Commandant, and Constable Kalab Hussain were awarded the Police Medal for Gallantry.

दिनांक 26 मार्च 2006 को आतंकवादियों ने पांपोर मार्किट एरिया, कश्मीर में सेना के काफिले पर गोलीबारी की। आरओपी का सुपरविज़न कर रहे श्री संजय कुमार, सहायक कमांडेंट गोलियों की आवाज़ सुनकर तुरंत एक बंकर में सामरिक रूप से एक गली में से दरांगबल मोहल्ले में पहुंचे। वहां उन्होंने डार मस्जिद लेन के पास आतंकवादी को पोजीशन लिए पाया जो एनएच-1ए पर गुजर रहे काफिले पर अंधाधुंध फायरिंग कर रहा था। उन्होंने तुरंत जवाबी हमला किया परंतु आतंकवादी ने ग्रेनेड बरसाए जो बंकर के पास फटे। उसके बाद आतंकवादी बंकर पर गोलियां बरसाने लगा। श्री संजय कुमार और सिपाही तलब हुसैन ने आतंकवादी को उलझा दिया परंतु उसने एक पत्थर के स्लैब की आड़ ले रखी थी और बल द्वारा की जा रही फायरिंग निष्प्रभावी हो रही थी। उसके बाद बहादुरी का प्रदर्शन करते हुए श्री संजय कुमार और सिपाही तलब हुसैन सूझबूझ के साथ खतरा मोल लेते हुए बंकर से कूद गए और सही पोजीशन ली और छोटी सी मुठभेड़ के बाद आतंकवादी को मार गिराया। मुठभेड़ के दौरान प्रदर्शित अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता के लिए श्री संजय कुमार, सहायक कमांडेंट और सिपाही तलब हुसैन को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।



POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



IRLA No.
6255
Name
Shri Sanjay Kumar,
Assistant Commandant
Unit
141 Bn
Decoration
1st BAR to Police Medal for Gallantry.



Force No.
001402888
Name
Constable Talab Hussain
Unit
141 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.



POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



Name
Shri Subesh Kumar Singh,
Inspector General of Police
Unit
Inspector General, Srinagar
Decoration
1st BAR to Police Medal for Gallantry.



Name
Shri Narendra Bhardwaja, Dy. Inspector General of Police
Unit
Dy. Inspector General, Srinagar
Decotion
1st BAR to Police Medal for Gallantry.

On getting direction from Shri Narendra Bhardwaja, Dy. Inspector General of Police, Srinagar, the joint troops of 112 Bn and 139 Bn launched an operation against militants hiding in a house at Ishber Nishat, Srinagar, on 6 April 2007. Around 0045 hours while the process of cordoning off the area was on, taking advantage of the darkness, one of the militants tried to escape but was spotted and neutralized. Thereafter, the troops hurriedly tightened the cordon as more troops arrived at the spot. Shri Narendra Bhardwaja, Dy. Inspector General, also reached the spot and first supervised the cordon and in the process repeatedly exposed himself to the fire of the militants who were firing intermittently. Thereafter, three assault teams were formed to storm the hide-out of which one was led by Shri Narendra Bhardwaja, Dy.IG, the second by Shri Akhilesh Prasad, Comdt., and the third by Shri Sunand Kumar, Second-in-Command, 42 Bn But as the assault parties advanced towards the target house heavy fire came at them putting their lives in danger. Thereafter, Shri Subesh Kumar Singh, IGP, reached the spot and after being briefed of the operation, took command. He positioned himself at a house just opposite the target house so as to keep an eye on the militants. From this position he could observe any stray movement in the building and seeing one such movement he fired and injured one of the militants. Despite being in the line of fire he stayed in this position and gave direction to the troops. As the small arms fire was not effective, Constable Upender Pal Singh fired an AGL whileConstable Lalit Chaudhary kept the militants pinned down by his effective fire from a telescopefitted weapon. After the firing of the AGL, the movement of militants could not be seen inside the house. Thereafter, the three assault parties moved ahead and cleared the house and recovered the bodies of three dead militants from inside the house. For displaying conspicuous gallantry, courage, and devotion to duty of the highest order Shri Subesh Kumar Singh, Inspector General of Police, Shri Narendra Bhardwaja, Dy. Inspector General of Police, Shri Akhilesh Prasad Singh, Commandant, Constable Upender Pal Singh andConstable Lalit Choudhary were awarded the Police Medal for Gallantry.

